मंगलवार, 22 जुलाई 2025
मौसम
तापमान 27 – 35
आर्द्रता 66%
सूर्योदय: 5:03 सूर्यास्त: 18:22

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर
कोलकाता, श्रावण कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये
सुविचार : असम्भव वह है जो हम करना ही नहीं चाहते।



शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में अवैध मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने की मांग की पृष्ठ 4




# बंगालियों को डिटेंशन कैंप में भेजने वालों को जनता जेल में डाल देगी : ममता

## शहीद दिवस रैली के मंच से ममता ने भाजपा व केंद्र पर किया जोरदार प्रहार

- 27 जूलाई से भाषा आंदोलन शुरू करेगी तृणमूल, ममता ने की घोषणा
- भाजपा शासित राज्यों में प्रवासी श्रमिकों पर अत्याचार के खिलाफ गांधी मूर्ति के सामने भी धरना का आह्वान



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने भाजपा शासित राज्यों में बंगाल के प्रवासी श्रमिकों के कथित उत्पीड़न के मुद्दे पर सोमवार को भगवा दल व केंद्र सरकार पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि बंगालियों को डिटेंशन कैंप में भेजने वालों को जनता जेल में डाल देगी। कोलकाता के धर्मतल्ला में आयोजित तृणमूल कांग्रेस की वार्षिक शहीद दिवस रैली के मंच से भारी भीड़ को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि भाजपा बंगाल के लोगों से नफरत करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के गुप्त नोटिफिकेशन के आधार पर भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को संदेह के आधार पर पकड़कर व बांग्लादेशी बताकर उन्हें प्रताड़ित और डिटेंशन कैंप में भेजा जा रहा है। ममता ने बंगाली अस्मिता की रक्षा का संकल्प दोहराते हुए स्पष्ट कहा कि बंगाल के लोगों पर अत्याचार वह बर्दाश्त नहीं करूंगी। तृणमूल इंच-इंच जवाब देगी। ममता ने जोर देकर कहा कि बांग्ला भाषा के खिलाफ भाजपा संत्रास चला रही है। इस मंच से उन्होंने इसके खिलाफ 27 जूलाई से भाषा आंदोलन शुरू करने की भी घोषणा की। उन्होंने भाजपा शासित राज्यों में बंगाल के प्रवासी श्रमिकों पर अत्याचार के खिलाफ पार्टी नेताओं से कोलकाता में गांधी मूर्ति के सामने भी एक दिन का धरना देने का आह्वान किया। ममता ने हुंकार भरते हुए कहा हमारी यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक हम भाजपा को केंद्र की सत्ता से बेदखल नहीं कर देते। बिहार में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का भी उल्लेख करते हुए ममता ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा बंगाल में भी ऐसा करके गरीब लोगों से वोट देने का अधिकार छीनना चाहती है। उन्होंने कहा कि बिहार में जिस तरह 40 लाख लोगों का नाम मतदाता सूची से काट दिया गया है, मैं बंगाल में किसी का भी नाम वोटर लिस्ट से नहीं कटने दूंगी। उन्होंने चुनाव आयोग का घेराव करने की भी धमकी दी। ममता ने कहा कि देश में सुपर इमरजेंसी चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की मिलीभगत से भाजपा महाराष्ट्र और दिल्ली में चुनाव जीती। बंगाल में भी यही करना चाहती है। लेकिन हम उसे यहां सफल नहीं होने देंगे।

### 'इस बार खेला में बोल्ड आउट करना होगा और छक्का मारना होगा'

मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने सोमवार को पार्टी की शहीद दिवस रैली के मंच से भाजपा पर गरजते हुए अगले साल की शुरुआत में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भी बिगुल फूंक दिया। ममता ने 2021 के पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी का चर्चित नारा रहा- खेला होबे (खेला होगा) को भी दोहराया। ममता ने कहा कि खेला तो आबार होबे (खेला तो इस बार भी होगा)। रैली में राज्यभर से जुटे पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से अभी से चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान करते हुए ममता ने कहा कि इस बार खेला में बोल्ड आउट करना होगा और छक्का मारना होगा। रैली में जुटी भारी भीड़ की ओर इशारा करते हुए ममता ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा बांग्ला की रक्षा की शपथ लेने की जरूरत है। हम सभी को बांग्ला भाषा में बात करनी होगी और इसकी रक्षा करनी होगी। बांग्ला भाषा पर अत्याचार को किसी कीमत पर हमलोग नहीं सहेंगे।




# मुंबई ट्रेन ब्लास्ट: सभी 12 आरोपी बरी, अदालत ने साक्ष्य को बताया अविश्वसनीय

- उच्च न्यायालय के फैसले का विश्लेषण करने के बाद एटीएस अगले कदम पर फैसला करेगा
- दो लोगों को नागपुर जेल से रिहा किया गया, एक को सुनाई गई थी मौत की सजा
- सभी के लिए बहुत दुखद दिन, न्याय की हत्या हुई: अदालत के फैसले पर मुंबई ट्रेन विस्फोट के पीड़ित
- सुप्रीम कोर्ट में देंगे चुनौती : सीएम फडणवीस



मुंबई लोकल ट्रेन सीरियल ब्लास्ट

**मुंबई :** मुंबई उच्च न्यायालय ने 11 जुलाई 2006 को मुंबई में कई ट्रेन में किए गए सात बम धमाकों के मामले में सोमवार को सभी 12 आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है तथा यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है। यह फैसला शहर के पश्चिमी रेलवे नेटवर्क को हिला देने वाले आतंकवादी हमले के 19 साल बाद आया है। इस हमले में 180 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और कई अन्य लोग घायल हुए थे। अदालत का यह फैसला महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के लिए अत्यंत शर्मिंदगी की बात है, जिसने इस मामले की जांच की थी। एजेंसी ने दावा किया था कि आरोपी प्रतिबंधित संगठन 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के सदस्य थे और उन्होंने आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के पाकिस्तानी सदस्यों के साथ मिलकर यह साजिश रची थी। उच्च न्यायालय ने आरोपियों के सभी इकबालिया बयानों को 'नकल' करने का संकेत देते हुए अस्वीकार्य घोषित कर दिया। अदालत ने इकबालिया बयान की विश्वसनीयता को और अधिक कम करते हुए कहा कि अभियुक्तों ने सफलतापूर्वक यह स्थापित कर दिया है कि इन इकबालिया बयानों के लिए उन पर अत्याचार किया गया था। अदालत ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण सिंडिकेट (मकोका) के प्रावधान इस मामले में लागू नहीं होंगे और इसके लिए मंजूरी 'बिना सोचे-समझे यांत्रिक तरीके से' दी गई थी। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध में प्रयुक्त बमों के प्रकार को रिकार्ड में लाने में भी असफल रहा है तथा जिन साक्ष्यों पर उसने भरोसा किया वे आरोपियों को दोषी ठहराने में विफल रहे हैं।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा दिया



**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार शाम स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा भेज दिया और कहा कि वह तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। धनखड़ ने राष्ट्रपति को लिखे अपने पत्र में कहा, स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने और चिकित्सीय सलाह का पालन करने के लिए, मैं संविधान के अनुच्छेद 67 (ए) के अनुसार, तत्काल प्रभाव से भारत के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देता हूं। धनखड़ (74) ने अगस्त 2022 में उपराष्ट्रपति का पदभार संभाला था और उनका कार्यकाल 2027 तक था। वह राज्यसभा के सभापति भी हैं और उन्होंने संसद के मानसून सत्र के पहले दिन ही इस्तीफा दे दिया। हाल में उनकी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में एंजियोप्लास्टी हुई थी।

# संसद का मानसून सत्र 'विजयोत्सव' की तरह, 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता ऐतिहासिक : प्रधानमंत्री मोदी




- दल हित में मत भले ही न मिलें, लेकिन देश हित में मन जरूर मिलें

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से पूर्व, इसे 'विजयोत्सव' करार देते हुए कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सौ प्रतिशत लक्ष्यों को प्राप्त किया। साथ ही प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि संसद सदस्य एक स्वर में इस गौरवपूर्ण भावना को व्यक्त करेंगे। मानसून सत्र शुरू होने से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत का पक्ष विभिन्न देशों में रखने गए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों की सराहना की और कहा कि उन्होंने 'आतंकवाद के आका' पाकिस्तान को बेनकाब किया। संसद का मानसून सत्र सोमवार (21 जुलाई) से आरंभ हुआ और 21 अगस्त तक इसकी कुल 21 बैठकें प्रस्तावित हैं। मोदी ने कहा, संसद के मानसून सत्र में विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा का आह्वान करते हुए सोमवार को कहा कि सभी दलों का अलग-अलग एजेंडा है और दल हित में उनके मत भले ही न मिलें, लेकिन देश हित में मन जरूर मिलने चाहिए। उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर के तहत, भारतीय सशस्त्र बलों ने मात्र 22 मिनट में आतंकवादियों को मार कर उनके ठिकानों को जमींदोज कर दिया।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने बिहार में कहा था कि बहुत कम समय में ही भारत की सैन्य ताकत दिखाई दे गई और 'मेड इन इंडिया' के तहत देश में निर्मित सैन्य क्षमताओं की ओर दुनिया का ध्यान गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि मानसून सत्र के दौरान सभी सांसद एकता और विजय की भावना के साथ भारत की सैन्य शक्ति, जन-प्रेरणा और 'मेड इन इंडिया' रक्षा क्षमताओं को मजबूती देने वाले इस भाव को मुखरता से प्रस्तुत करेंगे।

प्रधानमंत्री ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष अभियान का उल्लेख करते हुए कहा, ''पहली बार भारत का तिरंगा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लहराया, यह देश के हर नागरिक के लिए गर्व का क्षण है। प्रगति की राह में आगे बढ़ रहे देश में विज्ञान के प्रति उमंग एवं उत्साह है।''

### संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

संसद के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है। अगले हफ्ते इस मुद्दे पर लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी। हालांकि विपक्ष का कहना है कि चर्चा सत्र के शुरुआत में होनी चाहिए और प्रधानमंत्री मोदी जवाब दें। इधर, सत्र के पहले दिन राज्यसभा-लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा हुआ। विपक्ष ने इन मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी की। दिनभर में लोकसभा 4 बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 4 बजे सदन को मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।






# संसद में हंगामा मतलब समय और संसाधनों की बर्बादी



डॉ. आशीष वशिष्ठ

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हो चुकी है और जैसा कि उम्मीद थी, सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। विपक्ष पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावों, बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, मणिपुर, चीन जैसे विषयों पर नारेबाजी कर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष ने दोनों सदनों में पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। ट्रम्प 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी जवाब देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि, एक ओर ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक और शानदार सफलता की दुंदुभि देशवासियों में ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर भी जोर-शोर से बज रही है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के नेता अपने एक एजेंडा और झूठे नैरेटिव के साथ भारत को बदनाम करने के मिशन पर चल रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही राहुल गांधी बार-बार सरकार से सवाल पूछ रहे हैं कि हमारे कितने फाइटर जेट को नुकसान हुआ। दरअसल, वे पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। उन्हें पूछना तो यह चाहिए कि हमारी वायुसेना ने पाकिस्तान को किस तरह तहस-नहस कर दिया? लेकिन राहुल गांधी द्वारा अनाप-शनाप तरीके से ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना किसी के भी गले नहीं उतर रही है।

वास्तव में, देश के विपक्षी दल और विश्व की ताकतें बखूबी जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों ने किस कारनामे को अंजाम दिया है। भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से दुनिया हतप्रभ है। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय कहीं राजनीतिक तौर मोदी सरकार को न मिल जाए, इसलिए विपक्ष लगातार रणनीति के तहत अनावश्यक सवाल पूछ कर ऑपरेशन सिंदूर पर सेना और सरकार को संदेह के घेरे में खड़ा कर रहा है। विपक्ष के इस रवैये से सेना का मनोबल तो गिरता ही है, वहीं देश की उपलब्धियों और गर्व के क्षणों पर भी ग्रहण लगता है।

ये कोई पहली बार नहीं है जब विपक्ष खासकर कांग्रेस किसी विदेशी नेता के बयान या रिपोर्ट के आड़ में संसद को समय बर्बाद कर रहा है। विपक्ष अपने आलोचना धर्म की आड़ में विपक्ष देश की उपलब्धियों और मान-सम्मान पर बेजा टीका-टिप्पणियां करने से बाज नहीं आता। राजनीतिक विचारधारा की लड़ाई अपनी जगह है। पक्ष-विपक्ष में बहस, तर्क वितर्क और टीका टिप्पणी तो लोकतंत्र की प्राणवायु है। लेकिन सरकार या किसी राजनीतिक दल पर हमला करते करते देश के मान सम्मान को नीचा गिरा देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। और देश के संविधान, सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को हासिल नहीं है। भले ही व्यक्ति किसी भी पद या पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ हो। हर नागरिक के लिए राष्ट्र प्रथम का भाव सर्वोपरि, सर्वोत्तम और सिर माथे पर होना ही चाहिए।

मामला चाहे देश की सुरक्षा से जुड़ा हो या फिर आर्थिक क्षेत्र की बात हो। विपक्ष सरकार, सेना और संवैधानिक संस्थाओं के बयान पर विश्वास करने की बजाय दूसरे देशों और विदेशी एजेंसियों एवं संस्थाओं के बयान, रिपोर्ट और बयानबाजी पर संसद में हंगामा करता है। असल में संसद सत्र के दौरान देश और दुनिया का ध्यान उस तरफ होता है। इस समय और अवसर का देशहित और जनहित में करने की बजाय विपक्ष सरकार की छवि धूमिल करने, उसकी साख गिराने और अपनी राजनीति चमकाने के लिये करता है।

2023 के बजट सत्र में अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ था। अगस्त 2024 में हिंडनबर्ग की एक और रिपोर्ट सामने आई थी। तब भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के समय को लेकर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा था कि, पिछले कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि हर बार संसद सत्र से ठीक पहले विदेश से एक रिपोर्ट जारी कर दी जाती है। इसको आधार बनाकर विपक्ष संसद में हंगामा खड़ा करता है। उन्होंने इसे एक सोची-समझी साजिश करार दिया था। अब हिंडनबर्ग के बारे में एक भी शब्द राहुल गांधी या विपक्ष का कोई नेता बोलता सुनाई नहीं देता।

विपक्ष की राजनीतिक सोच और विचार का समर्थन करने वाला एक तथाकथित तबका देश में मौजूद है। ये लोग भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के विरोध के लिए 'से नो टू वॉर' कह रहे थे वही लोग आज सीजफायर की खिल्ली उड़ा रहे हैं। अब यही लोग कह रहे हैं कि सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आगे झुक गई। यह लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के इरादे और जज्बे से कर रहे हैं। इनका मूल उद्देश्य यही है कि किसी भी तरह यह साबित कर सकें कि सीजफायर को स्वीकार करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक कमजोर पीएम साबित किया जा सके। इस तरह की दोहरा रवैया देखकर वास्तव में हंसी आती है कि खुद को बुद्धिजीवी समझने वाले ये लोग आखिर चाहते क्या हैं?

इस साल बजट सत्र में राज्यसभा की प्रॉडक्टिविटी 119 प्रतिशत, जबकि लोकसभा की 118 प्रतिशत रही। विपक्ष ने नई शिक्षा नीति, मणिपुर के हालात और बढ़ती रेल दुर्घटनाओं को लेकर सवाल पूछे थे। इस दौरान कुल 16 बिल पास हुए। जट सत्र के आंकड़े भले थोड़े अच्छे दिख रहे हों, पर आमतौर पर संसद से हंगामे की तस्वीरें ही ज्यादा आती हैं। लेकिन बजट सत्र के विपरीत शीतकालीन सत्र में संसद के बहुमूल्य समय और संसाधन नष्ट हुए।

18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र में कुल 20 बैठकें हुईं। दोनों सदन लोकसभा और राज्यसभा में लगभग 105 घंटे कार्यवाही चली। सत्र के दौरान लोकसभा की प्रोडक्टिविटी 57.87 प्रतिशत, राज्यसभा में 41 प्रतिशत रही। संविधान पर चर्चा के दौरान लोकसभा में 16 घंटे जबकि राज्यसभा में 17 घंटे बहस हुई। वहीं, लेजिस्लेटिव थिंक टैंक पीआरएस इंडिया के अनुसार 20 दिनों की कार्यवाही में से लोकसभा में 12 दिन प्रश्न काल 10 मिनट से ज्यादा नहीं चल सका। शीत सत्र उदाहरण है, जब लोकसभा के 65 से ज्यादा घंटे बर्बाद हो गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप लगातार दोहरा रहे हैं कि उन्होंने दोनों पड़ोसियों में शांति कराई। अब तो उन्होंने यह भी दावा कर दिया है कि संघर्ष में कुछ जेट गिरे थे। सरकार पर स्थिति स्पष्ट करने का दबाव होगा। इसी तरह, चुनाव आयोग का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी सर केवल वोटिंग लिस्ट की समीक्षा तक सीमित नहीं रह गया है। चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी सर की टाइमिंग को सही नहीं माना है, तो सरकार को कुछ कठिन प्रश्नों का सामना करना पड़ सकता है। संसद की कार्यवाही अच्छे से चले, इसके लिए पक्ष और विपक्ष को मिलकर काम करना होगा। राजनीतिक दल अलग-अलग विचारधाराओं के हो सकते हैं, मगर सदन का अच्छी तरह चलना सभी की जिम्मेदारी है। सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन का काम नहीं करना समय के साथ देश के संसाधनों की भी बर्बादी है। उम्मीद करनी चाहिए कि हमारे प्रतिनिधि संसद के चालू सत्र में हंगामा करके राजनीति चमकाने और सस्ती लोकप्रियता बटोरने की बजाय संसद के बहुमूल्य समय और संसाधनों का सकारात्मक और सार्थक उपयोग करेंगे।

-स्वतंत्र पत्रकार)

## जलवायु परिवर्तन से घटती जीवन प्रत्याशा

निर्विवाद रूप से जलवायु परिवर्तन से उपजी चुनौतियों का सामना आज समाज का हर वर्ग कर रहा है। खासकर विकासशील व गरीब देशों की स्थितियां विकट हैं जहां पर्यावरणीय प्रदूषण व लचर स्वास्थ्य सेवाओं के चलते स्थिति गंभीर बनी हुई है। विशेष तौर पर इन दिनों जब अमेरिका-यूरोप समेत एशिया के तमाम देश भीषण गर्मी की चपेट में हैं। लेकिन इसका सबसे ज्यादा असर विभिन्न रोगों से जूझ रहे बुजुर्गों पर ज्यादा पड़ रहा है। जिसकी पुष्टि संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम यानी यूएनइपी की ताजा रिपोर्ट करती है। चौंकाने वाली रिपोर्ट बताती है कि बीती सदी में नब्बे के दशक के बाद से लेकर अब तक भीषण गर्मी से बुजुर्गों की मौत में पिच्चासी फीसदी की वृद्धि हुई है। दरअसल, यूएनइपी की यह रिपोर्ट बुजुर्गों के समक्ष दरपेश गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों की ओर इशारा करती है। यह संकट लचर स्वास्थ्य सेवाओं व प्रदूषित वातावरण वाले गरीब व विकासशील मुल्कों में ज्यादा है। दरअसल, बुजुर्गों पर बढ़ते इस संकट की मूल वजह बड़ी उम्र में आंतरिक तापमान को नियंत्रण में करने की क्षमता घटना है। जिससे वे मौसम की तीव्रता को सहन नहीं कर पाते। फलत: गर्मी व ठंड की तीव्रता को सहन करने में उनका शरीर सक्षम नहीं हो पाता। कुल मिलाकर उनकी कम होती रोग प्रतिरोधक क्षमता गंभीर बीमारियों का कारण बनती है। वैसे भी मौसम के चरम का असर उन लोगों के लिये ज्यादा संवेदनशील होता है जो बढ़ती उम्र के रोगों से जूझ रहे होते हैं।

ऐसे में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहे देशों को बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा देने के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना चाहिए। दरअसल, पर्यावरण प्रदूषण इस संकट को और गहरा कर रहा है। खासकर शहरों में स्थिति ज्यादा विकट है, जहां बुजुर्ग बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रलोभन में आ बसते हैं। फलत: मरीजों के दबाव से स्वास्थ्य सेवाएं भी चरमराने लगती हैं। जिसकी कीमत बुजुर्गों को चुकानी पड़ती है। सेवानिवृत्ति के बाद व्यक्ति की आय कम हो जाती है, फलत: शारीरिक क्षमता में गिरावट के बाद बढ़ती उम्र के रोगों का इलाज करा पाना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। ऐसे में यदि उनके बच्चे उनका साथ नहीं देते तो उनके लिए संकट और गहरा जाता है। निस्संदेह, बुनियादी ढांचे को मजबूत करके स्वास्थ्य सेवाओं को सस्ती व सर्व सुलभ बनाने की भी जरूरत है। जिससे संवेदनशील वर्ग के संकट के समाधान में मदद मिल सके। ऐसे में बुजुर्गों की भागीदारी सामाजिक कार्यक्रमों व आय के साधन जुटाने में बढ़ाई जानी चाहिए। जिससे शारीरिक गतिशीलता से उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके। दरअसल,बढ़ती उम्र व बीमारियां उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम करती हैं। निस्संदेह, यदि वैश्विक तापमान में और वृद्धि होती है, तो बुजुर्गों के लिये ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के घातक परिणाम हो सकते हैं। यूएनइपी की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक तापमान में यदि औद्योगिक समय के बाद से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो वर्ष 2050 के बाद बुजुर्गों की मौत के प्रतिशत में तीन सौ फीसदी से अधिक की वृद्धि हो सकती है। इस आसन्न संकट से योजनाबद्ध प्रयासों से ही निबटा जा सकता है।

# अखिलेश का 2027 के लिये सोशल इंजीनियरिंग फार्मूला



अजय कुमार

समाजवादी पार्टी के प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखि-लेश यादव, प्रदेश की राजनीति में एक प्रमुख चेहरा हैं। पार्टी की ताकत का एक प्रमुख आधार उसका पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूला है। अखिलेश ने इस रणनीति को 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रभावी ढंग से लागू किया, जहां उन्होंने गैर-यादव ओबीसी, दलित और मुस्लिम मतदाताओं को एकजुट करने में सफलता हासिल की। इस रणनीति ने उन्हें उत्तर प्रदेश में 37 लोकसभा सीटें दिलाईं, जो उनकी अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। गैर-यादव ओबीसी समुदायों, जैसे कुर्मी, राजभर, और लोधी, को टिकट देकर उन्होंने सामाजिक समीकरण को संतुलित करने की कोशिश की। उदाहरण के लिए, कुर्मी और पटेल समुदायों को 10 टिकट दिए गए, जिनमें से सात पर जीत हासिल हुई। यह दर्शाता है कि अखिलेश ने गैर-यादव ओबीसी वोट बैंक को साधने में सफलता पाई है। इस रणनीति को और मजबूत करने के लिए, अखिलेश ने छोटे-मझोले नेताओं को पार्टी में शामिल किया, जैसे महेंद्र राजभर, जिनका प्रभाव घोसी, बलिया, और गाजीपुर जैसे क्षेत्रों में है। इस तरह की सामाजिक इंजीनियरिंग 2027 में भी उनके लिए महत्वपूर्ण होगी।

उधर, दलित वोट बैंक को आकर्षित करना अखिलेश की रणनीति का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा है। समाजवादी पार्टी ने परंपरागत रूप से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के दलित वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश की है। इसके लिए उन्होंने 2021 में समाजवादी बाबा साहेब वाहिनी का गठन किया, जिसका नेतृत्व बसपा से आए मिठाई लाल भारती को सौंपा गया। यह कदम दलित मतदाताओं, खासकर गैर-जाटव दलितों, को अपनी ओर खींचने की रणनीति का हिस्सा था। अखिलेश ने आंबेडकर जयंती जैसे अवसरों का उपयोग कर संदेश दिया कि उनकी पार्टी संविधान और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्ध है। 2024 के चुनावों में इस रणनीति का असर दिखा, जब दलित प्रत्याशियों को टिकट देकर सपा ने बसपा के वोट बैंक में सेंध लगाई। उदाहरण के लिए, इंद्रजीत सरोज जैसे नेताओं को पार्टी में शामिल कर और उन्हें प्रमुख जिम्मेदारियां देकर अखिलेश ने दलित समुदाय को यह संदेश दिया कि उनकी पार्टी उनके हितों की रक्षा कर सकती है।

अखिलेश की रणनीति का एक और आयाम गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों और अन्य सामाजिक समूहों को जोड़ना है। उन्होंने ब्राह्मण और क्षत्रिय समुदायों को साधने की कोशिश की है। 2025 में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर अखिलेश ने क्षत्रिय नेताओं के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की और उनके बलिदान को याद किया। इसी तरह, ब्राह्मण नेताओं के साथ बैठक कर उन्होंने संदेश दिया कि उनकी पार्टी केवल एक विशेष समुदाय तक सीमित नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनावों में सपा ने चार ब्राह्मण और एक भूमिहार प्रत्याशी को टिकट दिया, जिनमें से कुछ ने जीत हासिल की। यह दर्शाता है कि अखिलेश 'सॉफ्ट हिंदुत्व' और सामाजिक समावेश की रणनीति को अपनाकर अपने वोट बैंक का विस्तार कर रहे हैं।

महिलाओं और युवाओं को आकर्षित करना भी अखिलेश की रणनीति का हिस्सा रहा है। उनके शासनकाल में शुरू की गई 1090 महिलाओं की हेल्पलाइन और कामधेनु योजना जैसी पहले महिलाओं और ग्रामीण मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए थीं। इसके अलावा, अखिलेश ने डिजिटल और सोशल मीडिया का उपयोग कर युवा मतदाताओं को जोड़ने की कोशिश की है। उनकी सक्रिय ऑनलाइन उपस्थिति और सोशल मीडिया पर त्वरित प्रतिक्रियाएं युवाओं में उनकी छवि को मजबूत करती हैं। वे सामाजिक मुद्दों, जैसे बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ अनन्या यादव जैसे मामलों में समर्थन देकर, सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

कांग्रेस और अन्य दलों के साथ गठबंधन की रणनीति भी अखिलेश के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि, 2024 के उपचुनावों में उन्होंने कांग्रेस को सीटें देने में सावधानी बरती, ताकि उनकी पार्टी का सेक्युलर आधार कमजोर न हो। यह दर्शाता है कि अखिलेश अपनी पार्टी को उत्तर प्रदेश में सेक्युलर राजनीति का प्रमुख चेहरा बनाए रखना चाहते हैं। इसके साथ ही, वे छोटे दलों और नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल कर रहे हैं, ताकि स्थानीय स्तर पर प्रभाव बढ़ाया जा सके।

हालांकि, अखिलेश के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। कुछ मुस्लिम नेताओं, जैसे मौलाना शहाबुद्दीन, ने उन पर मुस्लिम समस्याओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। इसके अलावा, बसपा और अन्य दल उनके वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रहे हैं। फिर भी, अखिलेश की रणनीति का केंद्र पीडीए फॉर्मूला है, जिसे वे और मजबूत करने में जुटे हैं। गैर-यादव ओबीसी, दलित, ब्राह्मण, क्षत्रिय, और युवा-महिला मतदाताओं को जोड़कर वे एक व्यापक सामाजिक गठबंधन बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। अखिलेश की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वे इन विभिन्न समुदायों के बीच संतुलन कैसे बनाते हैं। उनकी रणनीति में सामाजिक समावेश, क्षेत्रीय विकास, और डिजिटल उपस्थिति का मिश्रण है, जो उन्हें 2027 के चुनावों में एक मजबूत दावेदार बना सकता है।

-वरिष्ठ पत्रकार

## रूस ने उच्च स्तरीय बैठक से पूर्व किया कीव पर भीषण हवाई हमला

**कीव :** रूस ने यूक्रेन पर भीषण हवाई हमला किया है जो हाल के महीनों के सबसे बड़े हवाई हमलों में एक है। यह हमला ब्रिटेन और जर्मनी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नाटो सहयोगियों द्वारा यूक्रेन को हथियार प्रदान करने की योजना पर चर्चा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करने से कुछ ही घंटे पहले हुई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि हमले में दो लोग मारे गए और 15 घायल हो गए जिनमें एक 12 वर्षीय बच्चा भी शामिल है। सोमवार रात को कीव पर ड्रोन और मिसाइल हमले ने यूक्रेन के लिए विशेष रूप से वायु रक्षा में और अधिक पश्चिमी सैन्य सहायता की आवश्यकता को उजागर किया है। वैसे एक सप्ताह पहले ट्रम्प ने कहा था कि यूक्रेन में कुछ ही दिनों में सहायता पहुंच जाएगी। इस डिजिटल बैठक का नेतृत्व ब्रिटिश रक्षा मंत्री जॉन हीली और उनके जर्मन समकक्ष बोरिस पिस्तोरियस करेंगे। हीली ने बताया कि अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और नाटो नेता मार्क रूट, साथ ही नाटो के यूरोप के सर्वोच्च सहयोगी कमांडर जनरल एलेक्सस ग्रिंकविच, इस यूक्रेन रक्षा संपर्क समूह की बैठक में शामिल होंगे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 22 जुलाई, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण कृष्णपक्ष द्वादशी, 07:06 तक, नक्षत्र : मृगशीर्षा, 19:24 तक, योग : ध्रुव, 15:29 तक, सूर्योदय: 5:02, सूर्यास्त: 18:22, चन्द्रोदय : 02:03, चन्द्रास्त: 02:03, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 15:00 से 16:39

## राशिफल

**मेष :** नौकरी करने वाले लोग अपने कामकाज में अधिक व्यस्त रहेंगे, जिससे कार्यस्थल पर आपकी सराहना भी की जाएगी। कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती हैं।

**वृष :** आपको कार्यस्थल पर कई प्रकार की रुकावटों और समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन आप अपने सहयोगियों की मदद से इन मुश्किलों से आसानी से बाहर निकल जाएंगे।

**मिथुन :** अगर आपकी कोई कीमती और खास चीज बहुत पहले खो गई थी, तो वह अब वापस मिल सकती है। इससे मन प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में कामकाज अच्छा चलेगा।

**कर्क :** आपको पूरे दिन में कई बदलाव देखने को मिल सकते हैं। अगर कोई नया काम शुरू कर रहे हैं, तो शुरुआत में कुछ रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह :** अगर किसी प्रॉपर्टी से जुड़े मामले में फंसे थे तो वे अब हल हो सकते हैं। नौकरी करने वालों की आय में बढ़ोतरी होगी। लेकिन साथ ही खर्च भी बढ़ सकते हैं।

**कन्या :** आप दिनभर जोश और ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके सहयोगी अच्छे और शांत मूड में रहेंगे। साथ ही, वे ज्यादा काम करने का मन भी बना सकते हैं।

**तुला :** समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। इसके लिए लोगों द्वारा कोई आयोजन करने की भी संभावना बन रही है। आपके खिलाफ जो भी योजनाएं बना रहे थे, वे सभी फेल हो जाएंगी।

**वृश्चिक :** आपको सामाजिक कार्यों के द्वारा कुछ नए उद्देश्य प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी करने वालों के लिए कार्यस्थल का माहौल सकारात्मक बना रहेगा, जिससे आप शांति से अपना काम कर पाएंगे।

**धनु :** आपको अपने कार्यस्थल के कुछ बदले माहौल से परेशानी हो सकती है। इसी के चलते काम करने में मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। सहयोगी आपका साथ देंगे।

**मकर :** व्यापार के मामले में आपकी मेहनत रंग ला सकती है। आज जो भी काम पूरी मेहनत और लगन से करेंगे, उसमें उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यस्थल पर थोड़ी सावधानी बरतनी होगी।

**कुम्भ :** आपका दिन थोड़ी मुश्किलों भरा हो सकता है। किसी बात से मन बेचैन रहेगा, जिसका प्रभाव आपके काम धंधे पर भी देखने को मिलेगा। आपको अपने कार्य में सफलता जरूर मिलेगी।

**मीन :** व्यापार के मामले में आपको किसी भी प्रकार के सौदे या पैसों की लेनदेन में सावधान रहना होगा। ज्यादा स्ट्रेस लेने से बनता काम बिगड़ सकता है।

## विदेश की खबरें

## बांग्लादेश वायुसेना का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, 19 लोगों की मौत, 164 घायल

**ढाका :** बांग्लादेश वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान सोमवार दोपहर यहां उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक स्कूल भवन से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और 164 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों एवं चश्मदीदों ने यह जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि जान गंवाने वालों में ज्यादातर बच्चे हैं। देश के हाल के इतिहास में यह सबसे घातक विमान हादसों में एक है। अधिकारियों ने कहा कि चीन निर्मित एफ-7 बीजीआई प्रशिक्षण विमान दोपहर बाद ढाका के उत्तर क्षेत्र में 'माइलस्टोन स्कूल एवं कॉलेज' के दो मंजिला भवन से टकरा गया। इस हादसे में पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहम्मद तौकीर इस्लाम की भी मौत हो गई। सेना की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस डायरेक्टरेट' (आईएसपीआर) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, 'इस दुर्घटना में पायलट समेत कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और 164 अन्य घायल हो गए।' बयान के अनुसार, पायलट ने विमान को घनी आबादी वाले इलाके से दूर ले जाने की कोशिश की, लेकिन उसकी कोशिशों के बावजूद विमान स्कूल की दो मंजिला इमारत से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें कहा गया, 'सभी घायल व्यक्तियों को वायुसेना के हेलीकॉप्टरों और एम्बुलेंस की सहायता से आवश्यक उपचार के लिए तत्काल 'कम्बाइंड मिलिटरी हॉस्पिटल' (सीएमएच) और निकटवर्ती अस्प-तालों में ले जाया जा रहा है।' बयान में कहा गया कि विमान नियमित प्रशिक्षण के तहत अपराह्न एक बजकर छह मिनट पर कुर्मीटोला स्थित बांग्लादेश वायुसेना अड्डे ए.के. खांडेकर से उड़ान भरने के बाद यांत्रिक खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया (जिसका विवरण जांच के बाद बताया जाएगा)।

## गाजा में युद्ध 'अब समाप्त होना चाहिए': ब्रिटेन, फ्रांस सहित 25 देशों ने कहा

**लंदन :** ब्रिटेन और फ्रांस सहित 25 देशों का कहना है कि गाजा में युद्ध अब समाप्त होना चाहिए और इजराइल को अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना चाहिए।

ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और जापान सहित अन्य देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा कि गाजा में नागरिकों की पीड़ा नये स्तर तक पहुंच गई है। उन्होंने पानी और भोजन की अपनी बुनियादी जरूरतें हासिल करने की कोशिश कर रहे बच्चों और नागरिकों के लिए सहायता की धीमी आपूर्ति और उनकी अमानवीय हत्या की निंदा की। इन देशों के विदेश मंत्रियों ने एक बयान में कहा, इजराइल सरकार का सहायता वितरण मॉडल खतरनाक है, अस्थिरता को बढ़ावा देता है और गाजा वासियों को मानवीय सम्मान से वंचित करता है।

बयान में कहा गया है, इजराइल सरकार का नागरिक आबादी को आवश्यक मानवीय सहायता देने से इनकार करना अस्वीकार्य है। इजराइल को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करना चाहिए। बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में लगभग 20 यूरोपीय देशों के विदेश मंत्रियों के साथ-साथ कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री तथा समानता, तैयारी और संकट प्रबंधन के लिए यूरोपीय संघ के आयुक्त शामिल थे।

## वर्ग पहेली नं. 3160

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ | ■ | 7 | |
| 8 | 9 | ■ | | ■ | 10 | | 11 | | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | |
| ■ | 15 | | | ■ | ■ | 17 | | ■ | ■ |
| 18 | | ■ | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | 23 | | |
| 24 | 25 | | ■ | | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | | ■ | ■ | 28 | | | ■ | 29 | |

**बायें से दायें:-** 1) शुक्रिया, 4) दुःखपूर्ण, 6) उथल-पुथल, 7) जिक्र, 8) उपयोग; नौकरी; स्वार्थ, 10) गाड़ना *(मुर्दा)*, 12) बर्बादी, 13) हस्तक्षेप, 14) कुम्हला जाना *(फूल-पौधे)*, 15) जो घना न हो, 17) अत्यधिक ठंडा, 18) कोरा, 19) जो किसी के स्वामित्व में न हो, 21) किसी धातु की लंबी छड़, 22) निर्बल; अशक्त, 24) खाल, 26) जूस; स्वाद, 27) निर्वस्त्र, 28) दयनीय, 29) उपाय; पशुओं का खाद्य.

**ऊपर से नीचे:-** 1) डराना; धमकी देना, 2) एक प्रशंसासूचक शब्द, 3) भारी सेना, 4) कीचड़, 5) एक सुंदर फूलवाला पेड़, 9) सलाह; परामर्श, 11) कायर, 17) समान करने की क्रिया, 18) चुनाव, 19) बेधड़क, 20) भुना हुआ चावल, 21) बदबूदार, 23) नई मूँछ, 25) तन्मय.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| साँ | ठ | गाँ | ठ | ■ | अ | ने | क | वि | ध |
| स | ■ | जा | न | व | र | ■ | ■ | म | क्का |
| रु | ग्ण | ■ | ठ | ■ | मा | ला | मा | ल | ■ |
| क | ■ | अ | न | ब | न | ■ | सू | ■ | म |
| ना | गा | ■ | गो | री | ■ | न | म | की | न |
| ■ | ■ | आ | पा | ■ | ■ | ट | ■ | ट | न |
| आ | म | ■ | ल | ता | भ | व | न | ■ | शी |
| दे | हा | त | ■ | ■ | दे | र | ■ | बै | ल |
| श | ■ | ब | र | ब | स | ■ | भो | र | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3117

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 2 | | | 9 | | |
| | | | | 5 | 6 | | | |
| | | | 1 | | | 3 | | 7 |
| | | | | 3 | | | | |
| 9 | 6 | | | 1 | 2 | 8 | | |
| 2 | | | 6 | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 7 | | | | | |
| 8 | 5 | | | 6 | 3 | | 9 | |
| | | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3116 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 4 | 3 | 8 | 7 | 2 | 5 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 2 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 3 | 8 | 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 3 | 8 | 6 | 7 | 5 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 9 | 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 7 | 5 | 1 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 5 | 8 | 7 | 1 | 9 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 8 | 9 | 7 | 3 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |

# बिहार की तरह बंगाल में मतदाता सूची से किसी का नाम कटा तो चुनाव आयोग का करेंगे घेराव : ममता



❑ **विशेष मतदाता पुनरीक्षण के मुद्दे पर तृणमूल सुप्रीमो ने चुनाव आयोग को दी धमकी**
❑ **कहा... 'किसी का भी नाम वोटर लिस्ट से नहीं कटने दूंगी'**
❑ **ममता का आरोप, भाजपा बंगालियों के खिलाफ भाषाई आतंकवाद फैला रही है**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने सोमवार को भाजपा व निर्वाचन आयोग पर जोरदार हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वे दोनों मिलकर बंगाल के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। कोलकाता के धर्मतल्ला में आयोजित तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली को संबोधित करते हुए ममता ने बिहार में चल रहे मतदाता के गहन पुनरीक्षण का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव से पहले आयोग की मदद से बंगाल में भी ऐसा करके गरीब लोगों से वोट देने का अधिकार छीनना चाहती है। ममता ने सीधे धमकी देते हुए कहा कि बिहार में जिस तरह 40 लाख लोगों का नाम मतदाता सूची से काट दिया गया है, अगर बंगाल में एक भी व्यक्ति का नाम काटने की कोशिश हुई तो हम चुनाव आयोग का घेराव करेंगे। मैं बंगाल में किसी का भी नाम मतदाता सूची से कटने नहीं दूंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगालियों को हिरासत शिविरों में रखा जा रहा है और उनके नाम मतदाता सूची से हटाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने जोर दिया कि अगर बंगाल में इसकी कोशिश हुई तो दिल्ली में बड़ा आंदोलन होगा। चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाते हुए ममता ने कहा कि आयोग की मिलीभगत से महाराष्ट्र और दिल्ली में भाजपा चुनाव जीती। बंगाल में भी यही करना चाहती है, लेकिन हम उसे यहां सफल नहीं होने देंगे। ममता ने बंगाली अस्मिता (गौरव) के मुद्दे को तेज करते हुए भाजपा पर बंगालियों के खिलाफ भाषायी आतंकवाद फैलाने का भी आरोप लगाया। भाजपा शासित राज्यों में बंगाल के प्रवासी श्रमिकों के कथित उत्पीड़न को लेकर घेरते हुए ममता ने कहा कि बंगालियों को डिटेंशन कैंप में भेजने वालों को जनता जेल में डाल देगी।

❑ **'आंदोलन दिल्ली तक पहुंच जाएगा'**

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के गुप्त नोटिफिकेशन के आधार पर भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को संदेह के आधार पर पकड़कर व बांग्लादेशी बताकर हिरासत शिविरों में भेजा जा रहा है। ममता ने बंगाली अस्मिता की रक्षा का संकल्प दोहराते हुए कहा कि बंगाल के लोगों पर अत्याचार वह बर्दाश्त नहीं करेंगी। तृणमूल इंच- इंच जवाब देगी। यदि भाषाई भेदभाव बंद नहीं हुआ, तो प्रतिरोध आंदोलन दिल्ली तक पहुंच जाएगा।

❑ **27 जूलाई से भाषा आंदोलन शुरू करने की घोषणा**


विशाल रैली में गरजते हुए ममता ने बंगालियों को प्रताड़ित करने के विरोध में 27 जूलाई से बंगाल में भाषा आंदोलन शुरू करने की भी घोषणा की। उन्होंने बंगाल के प्रवासी श्रमिकों पर अत्याचार के खिलाफ पार्टी नेताओं से कोलकाता में गांधी मूर्ति के सामने भी एक दिन का धरना देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पहचान और भाषा की लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक राज्य और केंद्र-दोनों जगह भाजपा को पराजित नहीं कर दिया जाता। ममता ने हुंकार भरते हुए 2026 के चुनाव में भाजपा को हराने और अंतत: उसे केंद्र की सत्ता से बाहर करने का आह्वान किया। ममता ने कहा कि देश में सुपर इमरजेंसी चल रही है। हमें 2026 के विधानसभा चुनाव में और अधिक सीटें जीतनी हैं और फिर भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाने के लिए दिल्ली कूच करना है। ममता ने कहा कि बंगाल में अन्य राज्यों से आए लगभग 1.5 करोड़ प्रवासी रहते हैं, लेकिन उन्हें कभी भी उत्पीडऩ का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा कि हम पूरे भारत से लोगों का स्वागत करते हैं, लेकिन देखिए भाजपा बंगालियों के साथ क्या कर रही है। ममता ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से चुनावी लड़ाई व तृणमूल की बड़ी जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से जुटने का आह्वान किया और कहा कि फिर खेला होगा।

❑ **'असम सरकार को बंगाल के निवासियों को एनआरसी नोटिस भेजने का अधिकार किसने दिया?'**

ममता ने आरोप लगाया कि 2019 में भाजपा ने कोलकाता में ईश्वर चंद्र विद्यासागर की प्रतिमा तोड़ी थी। अब उन्होंने मतदाता सूची से बंगालियों के नाम हटाने के लिए अधिसूचना जारी की है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्व सरमा पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि वह अपना राज्य नहीं संभाल सकते, लेकिन बंगाल के मामलों में दखल दे रहे हैं। ममता ने पूछा कि असम सरकार को बंगाल के निवासियों को एनआरसी नोटिस भेजने का अधिकार किसने दिया। उन्होंने पार्टी की राज्यसभा सदस्य सुष्मिता देव से असम में एक बड़े प्रदर्शन का आयोजन करने का आग्रह किया। ममता ने कहा कि हम सब इसमें शामिल होंगे।

❑ **बंगाल के बाहर काम कर रहे प्रवासी श्रमिकों को राज्य में लौटने का आह्वान**

ममता ने इसी के साथ बंगाल से बाहर गए प्रवासी श्रमिकों से राज्य में लौटने का भी आह्वान किया। ममता ने कहा कि लौट आइए अपने राज्य, बंगाल में अब काम की कमी नहीं है। ममता ने दावा किया कि राज्य में कई सारे उद्योग लगे हैं और कई लगने की कगार पर है। साथ ही छह औद्योगिक गलियारे स्थापित हो रहे हैं। इससे राज्य में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे।



शहीद दिवस के उपलक्ष्य में तृणमूल समर्थकों द्वारा 1000 फीट लंबा पार्टी का झंडा हावड़ा से निकाला गया

## शहीद दिवस की सभा में तृणमूल के चार नेता पड़े बीमार, मुख्यमंत्री ने जाना हाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** धर्मतला में तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस सभा के दौरान लाखों लोगों की भीड़ जब एक जन सैलाब में बदल चुकी थी, तब इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के तीन सांसद अस्वस्थ हों गए। सभा स्थल में आये कई नेताओं की माने तो गर्मी और तेज धूप के कारण सांसद शत्रुघ्न सिन्हा, कीर्ति आज़ाद, शताब्दी रॉय और विधायक मदन मित्रा को सभा से बाहर ले जाना पड़ा। उन्हें तुरंत एम्बुलेंस से एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, लेकिन मदन मित्रा अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। इस दिन, दोपहर में धूप और उमस तेज थी। बताया जा रहा है कि इसके परिणामस्वरूप तृणमूल के चार नेता अचानक बीमार पड़ गए और हड़कंप मचा। डॉक्टरों ने बताया कि वे लोग अत्यधिक गर्मी व उमस के कारण बीमार पड़ गए। इधर, तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी उक्त नेताओं के हालात की जानकारी ली और उन्हें शरीर के प्रति सावधानी बरतने के लिए कहा गया है।

## 2026 में खुद शहीद हो जाएगी टीएमसी : दिलीप घोष



**खड़गपुर/कोलकाता :** धर्मतला में शहीद दिवस के मंच से जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पार्टी के सर्व भारतीय महासचिव, सांसद अभिषेक बनर्जी ने भी बीजेपी पर तीखा और जोरदार हमला बोला। वहीं बीजेपी ने इसे टीएमसी का अंतिम शहीद दिवस करार दिया है। बीजेपी नेता दिलीप घोष ने उन्हें लेकर राज्य में उठे कयासों की हवा को अफवाह साबित करते हुए कहा कि 2026 में टीएमसी खुद शहीद हो जाएगी। कुल मिला कर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने पार्टी छोड़ने की अटकलो को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी हर साल अंडा-भात का उत्सव मनाती हैं। शहीद दिवस अंडा-भात दिवस बन गया है। मौजूदा हालात को देखते हुए मुझे लगता है कि शायद यह आखिरी शहीद दिवस है। इसके बाद तृणमूल शहीद हो जाएगी।

उन्हें शायद 26 तारीख को शहीद दिवस मनाने का मौका ही नहीं मिलेगा। खड़गपुर के गिरि मैदान इलाके में एक जनसभा का आयोजन किया गया।जहां दिलीप घोष ने तृणमूल कांग्रेस की कथित खूनी राजनीति पर हमला किया और तृणमूल सरकार की आलोचना की।

**Name Change**

I, Army No.14653642K, Rank Hav. Dvr(MT), Name: Rajesh Kumar Rai, presently posted in Unit 833 Armed Workshop Coy, PIN:335037, permanent resident of Anharipur, Zamania, Ghazipur-232336, UP, do hereby solemnly affirm and declare that I have changed my father's name from Banshanarayan Rai to Bansh Narayan Rai and both name to one and same person i.e. my father in via affidavit before the Sub-divisional Magistrate at Sri Ganganagar, Rajasthan dated 17th July 2025.

**Name Change**

I, Army No.14653642K, Rank Hav. Dvr(MT), Name: Rajesh Kumar Rai, presently posted in Unit 833 Armed Workshop Coy, PIN:335037, permanent resident of Anharipur, Zamania, Ghazipur-232336, UP, do hereby solemnly affirm and declare that I have changed my mother's name from Hirauti Devi to Hirawti Devi and both name and to one and same person i.e. my mother via affidavit before the Sub-divisional Magistrate at Sri Ganganagar, Rajasthan dated 17th July 2025.



धर्मतला में शहीद दिवस की रैली में तृणमूल के समर्थक व कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी

## बंगाल में बंटवारे की राजनीति नहीं चलेगी : फिरहाद हकीम



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस की शहीद श्रद्धांजलि सभा में सोमवार को राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने भारतीय संस्कृति, बंगाल की पहचान और पूर्वोत्तर के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री व कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने कहा कि भाजपा जब से केंद्र में आई है, तब से सांप्रदायिकता को हवा दी जा रही है। कोई यहां से उठकर उधर (शुभेंदु अधिकारी) चला गया है, लेकिन हम सब यह याद रखें कि यह स्वामी विवेकानंद और रवींद्रनाथ ठाकुर का बंगाल है। यहां बांटने की राजनीति नहीं चलेगी। हकीम ने 1993 की 21 जुलाई की घटना की याद दिलाते हुए कहा कि उस दिन ममता बनर्जी मौत के मुंह से वापस लौटी थीं। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी, तो हम फिर खून देंगे। हम ममता बनर्जी के सिपाही हैं। उन्होंने बंगालियों के खिलाफ कथित अपमानजनक रवैये को लेकर भाजपा को ललकारते हुए कहा कि बांग्ला बोलने वाले को क्या आप बांग्लादेशी कहेंगे? क्या किसी की ताकत है जो हमें बंगाल से निकाल सके? अगर बंगालियों का अपमान किया गया तो हम गरज कर जवाब देंगे।

## तृणमूल की 21 जुलाई रैली में नहीं जा सके विधायक परेश पाल, धर्मतला में ही बैठे रहे

❑ **कहा सर चक्कर खा रहा था**



**कोलकाता :** जहाँ राज्य भर से तृणमूल कांग्रेस के सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष और ब्लॉक स्तर के नेता धर्मतला की शहीद सभा में मौजूद थे, वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता और बेलघरिया के विधायक परेश पाल इस बार मंच तक पहुँच ही नहीं सके। हर साल इस ऐतिहासिक सभा में हिस्सा लेने वाले परेश पाल सुबह तय समय पर सभा स्थल पर पहुँचे, लेकिन थोड़ी देर बाद वह वापस लौट गए। बताया जा रहा है कि इस बार मंच पर बैठने वालों की सूची में उनका नाम नहीं था, जिससे उन्हें अंदर प्रवेश नहीं मिला। हालांकि विधायक परेश पाल ने इन अटकलों को खारिज करते हुए दावा किया कि वह स्वास्थ्य कारणों से लौटे। उन्होंने मीडिया से कहा, मेरा तबीयत ठीक नहीं था। सिर चकरा रहा था, इसलिए मैं कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सका। जब उनसे पूछा गया कि क्या पार्टी में उनके प्रति कोई दूरी बनाई जा रही है, तो उन्होंने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। इस घटना के बाद राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या पार्टी के अंदरुनी समीकरणों में कोई बदलाव हो रहा है और क्या वरिष्ठ नेताओं की उपेक्षा शुरू हो चुकी है।

## शहीद दिवस रैली से लौटते समय शक्तिगढ़ में सड़क हादसा, तृणमूल कार्यकर्ता की मौत

**कोलकाता/वर्दवान :** कोलकाता के धर्मतल्ला में आयोजित 21 जुलाई की तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली से लौटते वक्त एक वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता की शक्तिगढ़ में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान मधुसूदन पाल (70) के रूप में हुई है, जो पश्चिम वर्दवान जिले के कांकसा थाना अंतर्गत विदबिहार के बेंटा इलाके के निवासी थे। जानकारी के मुताबिक, कांकसा क्षेत्र से तृणमूल समर्थकों का एक दल विशेष बस से रैली में भाग लेने कोलकाता गया था। रैली के समापन के बाद कार्यकर्ता बस से अपने घर लौट रहे थे। वापसी के दौरान बस शक्तिगढ़ पर थोड़ी देर के लिए रुकी। इसी दौरान मधुसूदन पाल मिठाई खरीदने के लिए नेशनल हाईवे-19 पार कर सड़क के दूसरी ओर स्थित दुकान तक जा रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार सरकारी बस ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही दम तोड़ बैठे।

हादसे की खबर फैलते ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। तुरंत सूचना पाकर शक्तिगढ़ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए वर्दवान मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। दुर्घटना के बाद अन्य तृणमूल समर्थकों ने भी बस रोक दी और घटनास्थल पर जुट गए। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है, वहीं फरार बस और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

## पुलिस ने शहीद दिवस रैली के दिन महानगर में ट्राफिक सुचारु रहने का किया दावा

❑ **हाई कोर्ट ने भी ट्रैफिक व्यवस्था पर जताया संतोष**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली के दौरान सोमवार को कोलकाता में भारी भीड़ के बावजूद यातायात व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शहर और उसके आसपास के किसी भी हिस्से से ट्रैफिक जाम की कोई सूचना नहीं मिली। सबसे उल्लेखनीय बात तो यह है कि शहीद दिवस रैली से पहले यातायात व्यवस्था को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने पुलिस की कार्रवाई पर संतोष जताया है। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने कोर्ट में कहा कि पुलिस ने ट्रैफिक नियंत्रण का कार्य 'अच्छे तरीके से' किया है और पूरे शहर में 'कोई बड़ी समस्या नहीं' देखी गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हाई कोर्ट के आदेश का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया गया ताकि रैली के कारण यातायात व्यवस्था बाधित न हो। विशेष रूप से शहर के मध्य हिस्सों में कई स्तरों पर यातायात नियंत्रण के उपाय किए गए थे। अधिकारी ने कहा कि हमने यह सुनिश्चित किया कि हाई कोर्ट के निर्देशों के अनुसार यातायात निर्बाध रूप से चलता रहे। पूरे दिन एक भी जगह से जाम की सूचना नहीं मिली। कोलकाता पुलिस ने शनिवार को आम लोगों की मदद के लिए तीन हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए थे, ताकि उन्हें 21 जुलाई को यात्रा में किसी तरह की समस्या न हो। इसके अलावा, वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में अतिरिक्त पुलिस बल और सिविक वॉलंटियर्स की तैनाती की गई थी।



**पूर्व रेलवे**

विस्तृत निविदा सं. ईपीसी-01-सीएओ-सी-ईआर-2025 : एकल चरण में खुली ईपीसी ई-निविदा-दो पैकेट प्रणाली, दिनांक: 21.07.2025, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण/पूर्व रेलवे, 4था तल, 14, स्ट्रैंड रोड, एनकेजी, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ईपीसी ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** गोड्डा - महागामा नई रेल लाइन: पूर्व रेलवे की पीरपैंती-जसीडीह नई रेल लाइन परियोजना के संबंध में किमी. 32.439 से किमी. 60.000 तक गोड्डा स्टेशन (छोड़कर) से महागामा स्टेशन (लेकर) के बीच नई रेल लाइन के निर्माण के लिए सिविल, पी-वे, विद्युतीकरण, सिग्नल एवं टेलीकम कार्यों का निष्पादन। **अनुमानित मूल्य :** रु. 531,22,69,142.92, **बयाना राशि :** रु. 2,00,00,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि :** 630 (छह सौ तीस) दिन। **अंतिम तिथि:** 17.10.2025 को 11.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ईपीसी मोड पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

CON-27/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा का निरस्तीकरण**

**खुली ई-निविदा सं. एसडीएसटीई-पीसी-टीओ-डेटालॉगर-25, दिनांक** 14.07.2025 जो मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-I, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व में प्रकाशित की गई थी, खुलने की तिथि 08.08.2025, उक्त निविदा कुछ तकनीकी कारण से एतद्द्वारा **"निरस्त"** की जाती है।

HWH-204/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# हम 2026 के विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा को 'डिटेंशन कैंप' भेजेंगे : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने भाजपा शासित राज्यों में राज्य के वास्तविक निवासियों द्वारा उत्पीड़न का सामना करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को दावा किया कि 2026 के बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद 'बांग्ला-विरोधी' पार्टी को चुनावी तौर पर 'डिटेंशन कैंप' में भेज दिया जाएगा। अभिषेक बनर्जी ने भारतीय निर्वाचन आयोग की भी आलोचना की और उस पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर मतदाता सूची में हेराफेरी करने का आरोप लगाया। अभिषेक बनर्जी ने घोषणा की कि मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने के आयोग के कथित प्रयासों को रोकने के लिए पार्टी दिल्ली में एक उग्र आंदोलन करेगी। यह आंदोलन तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी की अनुमति के अधीन होगा। शहीद दिवस रैली को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा बंगालियों को उनकी भाषा बोलने के लिए 'डिटेंशन कैंप' में ले जाना चाहती है। मैं उन्हें स्पष्ट रूप से बताना चाहता हूं - 2026 के चुनावों के बाद, आपको ही हम लोकतांत्रिक तरीके से हराकर 'डिटेंशन कैंप' में भेजेंगे। टीएमसी सांसद बनर्जी ने कहा कि 2024 के आम चुनावों से पहले भाजपा को 'बांग्ला विरोधी' बताना महज एक नारा गढ़ना नहीं है, बल्कि भाजपा के असली चरित्र का पर्दाफाश है। टीएमसी महासचिव ने कहा कि भाजपा अपने अहंकार में बंगाल और उसके लोगों को लगातार अपमानित कर रही है। हमारे कार्यकर्ताओं ने 32 साल पहले वैध पहचान पत्र के साथ वोट देने के अपने अधिकार की मांग करते हुए इन सड़कों पर अपनी जान दे दी थी। अब 2025 में, हम वह दोहराने के लिए तैयार हैं। मतदाता सूची में हेराफेरी करने और उनके वोट का अधिकार छीनने की निर्वाचन आयोग की साजिश को रोकने के लिए, हम दिल्ली में भी आंदोलन कर सकते हैं।



❑ **'2026 में कमल उखाड़ फेंकेंगे'**

उन्होंने कहा कि बंगालियों को अपनी मातृभाषा पर बहुत गर्व है और उन्हें बांग्ला भाषा में बोलने की आवृत्ति को कई गुना बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप (भाजपा) सोचते हैं कि आप टीएमसी और बंगाल के लोगों को अपनी इच्छा के अनुसार झुका सकते हैं? हम बंगाल में पैदा हुए हैं, गुजरात या उत्तर प्रदेश में नहीं और हम न तो आपके सामने झुकेंगे, न ही आत्मसमर्पण करेंगे। उन्होंने कहा कि 2021 के राज्य चुनाव का नारा 'खेला होबे' को 2025 में कमल उखाड़ने के संकल्प के रूप में संशोधित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा 50 से भी कम सीट पर सिमट जाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे चुनावी भविष्यवाणियां करने की आदत नहीं है। मैं विश्लेषण करता हूं। मैं यह विश्वास के साथ कह रहा हूं क्योंकि मुझे बंगाल के लोगों और उनकी भावनाओं पर भरोसा है।

❑ **2026 के बाद 'जय बांग्ला' भी बुलवाएंगे**

तृणमूल सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले सप्ताह दुर्गापुर में दिये भाषण की ओर परोक्ष रूप से इशारा करते हुए दावा किया कि यहां की जनता की शक्ति के चलते भाजपा नेताओं के राजनीतिक नारों में तथाकथित बदलाव आया है। अभिषेक ने कहा कि पहले ये लोग 'जय श्रीराम' का नारा लगाते थे। अब दबाव में आकर 'जय मां दुर्गा', 'जय मां काली' कहने लगे हैं। मेरी बात लिख कर रख लीजिए - 2026 के चुनाव परिणामों के 10 महीने बाद हम इन्हें 'जय बांग्ला' का नारा भी लगवाएंगे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-13-25, दिनांक** 17.07.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. **ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-13-25** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के तहत ओएचई पावर सप्लाई में विश्वसनीयता बढ़ाने एवं समग्र सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रकार के बॉण्ड की आपूर्ति एवं स्थापना और अन्य सहायक कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 3,57,28,858.50, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** रु. 3,28,700/-, **कार्य की समापन अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 24 (चौबीस) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 18.08.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खोला जाना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/ वर्णन/ विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-203/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-12-25, दिनांक** 17.07.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा सं. **ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-12-25** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में 160 किमी. प्रति घंटा से ट्रेनों के आवागमन के संबंध में हावड़ा-बर्द्धमान कॉर्ड लाइन खंड में कॉन्टैक्ट एवं कैटेनरी वायर का प्रतिस्थापन। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 1,49,49,082/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** रु. 2,24,800/-, **कार्य की समापन अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 18 (अठारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 11.08.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खोला जाना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/ वर्णन/ विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov. in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-202/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में अवैध मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने की मांग की

❑ राज्य में महिलाओं पर अत्याचारों के विरोध में 'उत्तरकन्या अभियान' रैली का किया नेतृत्व

❑ भाजपा नेता का दावा, ममता अगले चुनावों के बाद राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री होंगी



**सिलीगुड़ी :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बिहार की तर्ज पर राज्य में भी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किए जाने की सोमवार को मांग की। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि धार्मिक उत्पीड़न के कारण जो हिंदू बांग्लादेश से भारत आए हैं, उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। इस दिन, उन्होंने राज्य में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में राज्य सचिवालय की उत्तर बंगाल शाखा उत्तरकन्या तक रैली का नेतृत्व किया, जिसके बाद रैली को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नजरिए से शरणार्थी हैं।

भाजपा नेता ने अल्पसंख्यक समुदाय को आश्वस्त करते हुए कहा कि भारतीय मुसलमानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा उनके साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि हालांकि, किसी भी रोहिंग्या या बांग्लादेशी मुस्लिम अवैध अप्रवासी को राज्य की मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने नहीं दिया जाएगा। भाजपा विधायक ने आरोप लगाया कि राज्य में 2.15 करोड़ लोग बेरोजगार हैं। इसके साथ ही उन्होंने राज्य से उद्योगों के पलायन किए जाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री ने सभी को काम मुहैया कराया है तो राज्य के 60 लाख प्रवासी मजदूर बाहर काम क्यों कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि टीएमसी प्रमुख ने रैली में कहा है कि राज्य में 2026 के विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी 2021 में हासिल की गई संख्या से अधिक सीट जीतेगी। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मैं भी यह चुनौती देता हूं कि अगले चुनावों के बाद वह राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री होंगी।

## 'किसी को दामाद जैसी विशेष सुविधा नहीं', एजी की दलील पर जज बोलीं : 'आपके खिलाफ तो यही आरोप है'



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में केंद्र और राज्य के सुरक्षाकर्मियों के प्रवेश को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने सवाल उठाया कि क्या दोनों के लिए एक जैसे नियम लागू होते हैं?

यह मामला विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने विधानसभा में सुरक्षा की कमी का हवाला देते हुए अपने सुरक्षाकर्मियों को प्रवेश की अनुमति देने की मांग की थी।

राज्य सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल (एजी) किशोर दत्ता ने जवाब में कहा, राज्य के लिए भी वही नियम लागू होते हैं। किसी को दामाद जैसी विशेष सुविधा नहीं दी जाती। इस पर न्यायाधीश ने तीखा टिप्पणी करते हुए कहा, आपके खिलाफ तो ठीक यही आरोप लगाए जा रहे हैं।

मामले में वर्ष 2021 और 2024 की दो अधिसूचनाओं को लेकर विवाद है। कोर्ट ने विधानसभा के प्रमुख सचिव को स्पष्ट करने को कहा कि कौन-सी अधिसूचना अभी प्रभावी है।

एजी ने बताया कि 2024 की अधिसूचना में केंद्र और राज्य दोनों के सुरक्षाकर्मियों के लिए एक समान व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि यह याचिका एक दिन की घटना पर आधारित है, जब शुभेंदु अधिकारी के सुरक्षाकर्मियों को अंदर प्रवेश नहीं दिया गया था।

वहीं, शुभेंदु अधिकारी के वकील ने दावा किया कि राज्य के मंत्रियों और विधायकों के सुरक्षाकर्मी विधानसभा लॉबी में मौजूद रहते हैं, जबकि केंद्र के सुरक्षा कर्मियों को अनुमति नहीं दी जाती।

कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई में राज्य से यह स्पष्ट करने को कहा है कि वर्तमान में कौन-सी अधिसूचना लागू है।

## लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस ने पेश किया गोदरेज एडवांटिस जीएसएल डी1

**कोलकाता :** होम सेफ्टी और आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस सेगमेंट में अग्रणी, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का एक व्यवसाय, लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस ने आज अपने नवीनतम हाई-टेक इनोवेशन, एडवांटिस जीएसएल डी1 स्मार्ट डोर लॉक के पूरे भारत में लॉन्च की घोषणा की। भारत में डिज़ाइन और निर्मित, दुनिया के लिए बनाया गया, एडवेंटिस जीएसएल डी1 आधुनिक होम सेफ्टी में एक क्रांतिकारी बदलाव है, जो सौंदर्यपूर्ण शैली को अत्याधुनिक स्मार्ट एक्सेस तकनीक और सुलभता के साथ जोड़ता है। श्याम मोटवानी, बिजनेस हेड - लॉक्स और आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने कहा, 'एडवांटिस जीएसएल डी1 के लॉन्च के साथ हम आधुनिक होम सेफ्टी की परिभाषा को नए सिरे से गढ़ रहे हैं।

## वरिष्ठ नक्सली नेता अजीजुल हक का निधन, बंगाल की कट्टरपंथी राजनीति के एक युग का अंत

❑ मुख्यमंत्री ने गहरी संवेदना की व्यक्त



**कोलकाता, समाज्ञा :** वरिष्ठ नक्सली नेता अजीजुल हक का सोमवार को कोलकाता में निधन हो गया और इसके साथ ही 1960 और 1970 के दशक में पूरे देश को हिलाकर रखने वाले बंगाल के उग्र वामपंथी इतिहास के एक रक्तरंजित अध्याय का अंत हो गया। बता दें कि हक एक तेजतर्रार कवि, राजनीतिक विचारक और भारत के नक्सली विद्रोह के अंतिम कद्दावर नेताओं में से एक थे। वह 83 वर्ष के थे। कवि, राजनीतिक विचारक और कभी भाकपा (माले) की दूसरी केंद्रीय समिति के प्रमुख रहे हक लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे। घर पर गिर जाने से उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया था और उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने दोपहर 2:28 बजे अंतिम सांस ली। इधर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर हक के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें एक योद्धा बताया, जो अपने लंबे राजनीतिक जीवन में कभी झुके नहीं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि मैं वरिष्ठ राजनेता अजीजुल हक के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। अजीजुल हक एक जुझारू और दृढ़निश्चयी नेता थे। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने कभी अपना सिर नहीं झुकाया। मैं उनके शोक संतप्त परिवार और सहयोगियों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं।

## मुर्शिदाबाद से आठ बांग्लादेशी घुसपैठिये व दो दलाल गिरफ्तार

### बांग्लादेश की सीमा से सटे लालगोला और रानीनगर इलाके से हुई गिरफ्तारी



**मुर्शिदाबाद :** बांग्लादेश की सीमा से सटे मुर्शिदाबाद जिले से फिर घुसपैठियों की गिरफ्तारी हुई है। आठ बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ दो भारतीय दलाल को भी पुलिस ने पकड़ा है। मुर्शिदाबाद के लालगोला थाना क्षेत्र में जमीरुल शेख नामक एक व्यक्ति के घर की तलाशी के बाद पांच बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में शकीरुल इस्लाम, मोहम्मद सिराजुल, मोहम्मद शमसुल, शकील शेख और संजीत कर्मकार शामिल हैं। सभी बांग्लादेश के चांपाईनवाबगंज के निवासी हैं। इस घटना में, लालगोला थाने की पुलिस ने शरण देने वाले जमीरुल शेख और तोफज्जल शेख को भी गिरफ्तार किया। दूसरी ओर, रानीनगर थाने की पुलिस ने सोमवार को डिग्री इलाके में तलाशी ली और तीन बांग्लादेशियों और एक मददगार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम तारिकुल इस्लाम, अब्दुल रहमान और मोहम्मद साहेब अली हैं, जो सभी बांग्लादेश के राजशाही जिले के गोदागरी इलाके के निवासी हैं। गिरफ्तार लोगों की मदद करने के आरोप में रानीनगर थाना क्षेत्र निवासी सद्दाम हुसैन को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने घुसपैठ में और कौन-कौन शामिल है, इसकी जांच शुरू कर दी है और उनका मकसद क्या था, इसकी भी जांच की जा रही है।

## शुभेंदु अधिकारी की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हुए नेता दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**



भारतीय जनता पार्टी के एसटी मोर्चा से जुड़े नेता सुनील मुर्मू को 2023 के एक दुष्कर्म मामले में सिउड़ी थाना पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को उन्हें सिउड़ी अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस ने पांच दिन की हिरासत की मांग की। अदालत ने चार दिन की पुलिस हिरासत मंजूर की है। पुलिस के अनुसार, सुनील मुर्मू पर 2023 में एक महिला ने दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाया था। इसी मामले में लंबी जांच के बाद अब उनकी गिरफ्तारी हुई है। उल्लेखनीय है कि सुनील मुर्मू ने कुछ माह पूर्व नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की उपस्थिति में बीजेपी की सदस्यता ली थी। गिरफ्तारी के बाद उन्होंने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए दावा किया कि उन्हें राजनीतिक कारणों से निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा, मैं देउचा-पचामी परियोजना के विरोध में आंदोलनरत था, इसी वजह से मुझे फंसाया जा रहा है। बाकी जानकारी पार्टी के जिला अध्यक्ष साझा करेंगे। यह मामला सामने आने के बाद क्षेत्रीय राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सुनील मुर्मू से पूछताछ जारी है।

## व्यूज एक्सजेंच के सम्मेलन में भाग लेंगी कारपोरेट जगत की नामी हस्तियां

**कोलकाता :** चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सहित प्रमुख पेशेवरों की अग्रणी संस्था वेयूज एक्सचेंज का वार्षिक सम्मेलन ताज बंगाल होटल में 2 अगस्त को होने जा रहा है। इस सम्मेलन के उदघाटन सत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु, बेनेट कॉलमेन ग्रुप के सीईओ शिवकुमार सुन्दरम, मशहूर बिजनेस कोच राहुल जैन, गिरीश आहूजा अपना सारगर्भित कीनोट सम्बोधन रखेंगे, जबकि टेकनिकल सेशन में आई.टी.सी ग्रुप के सीएफओ तथा कार्यकारी निदेशक सुप्रतीम दत्त एवं वरदराजन कृष्णा का सम्बोधन होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए व्यूज एक्सचेंज के संस्थापक अध्यक्ष रायचन्द सुराणा ने बताया कि पेशेवराना लोगों के लिए एक परिचर्चा भी होगी, जिसमें सीए इन्स्टीट्यूट के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए रणजीत अग्रवाल, सीए उमेश शर्मा, डा. कुणाल सरकार, हेरिटेज स्कूल की प्रिंसिपल सीमा सप्रू, नेसेसिटी ग्रूप की सीईओ स्वाति गौतम, एंजेल इन्वेस्टर ग्रुप के वरदराजन कृष्णा भाग लेंगे। परिचर्चा को बिजनेस स्टैण्डर्ड के कार्यकारी सम्पादक डा. प्रदीप गुप्तू मॉडरेट करेंगे। आयोजन की सफलता के लिए व्यूज एक्सचेंज के अध्यक्ष ऋषि खटोड़ और कान्फरेंस चेयरमैन मोहित भूतोड़िया सहित पूरी टीम सक्रिय है।

## तृणमूल कांग्रेस हिंदी प्रकोष्ठ ने निकाली रैली



**हावड़ा :** धर्मतला में आयोजित शहीद दिवस के मौके पर सभा में शामिल होने के हावड़ा जिला तृणमूल कांग्रेस हिंदी प्रकोष्ठ की ओर से अध्यक्ष डॉ मानव जायसवाल के नेतृत्व में एक रैली निकाली गयी। इस रैली में हिंदी प्रकोष्ठ के निशी बसन शर्मा, आरती शर्मा, सचिन सिंह, अभय साव, आशीष साव, आकाश शर्मा, राहुल सिंह, राजेश चौधरी, मुकेश वर्मा सहित अन्य सदस्य भी शामिल थे।

## जीआरएसई ने भारतीय नौसेना के लिए पनडुब्बी रोधी आठवें युद्धपोत का जलावतरण किया

**कोलकाता, समाज्ञा**

रक्षा क्षेत्र की पीएसयू (सार्वजनिक क्षेत्र की उपक्रम 'गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड' (जीआरएसई) ने भारतीय नौसेना के लिए निर्मित पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जल पोत 'एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट' की श्रृंखला का आठवां और आखिरी जहाज का सोमवार को जलावतरण किया। 'अजय' नामक इस युद्धपोत का जलावतरण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं भारतीय नौसेना के सामग्री प्रमुख वाइस एडमिरल किरण देशमुख की पत्नी प्रिया देशमुख ने किया। जीआरएसई के एक अधिकारी ने बताया कि कोलकाता की इस युद्धपोत निर्माता कंपनी ने भारतीय नौसेना के लिए आठ पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जल पोत का निर्माण किया है। उन्होंने बताया कि ये बहुउद्देश्यीय युद्धपोत हैं और कई तरह के अभियानों में हिस्सा ले सकते हैं। जीआरएसई के अधिकारी ने यह भी कहा कि ये जहाज कम गहराई वाले जलक्षेत्र में संचालन के हिसाब से तैयार किए गए हैं, इसलिए ये तटीय इलाकों में आसानी से काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 77.6 मीटर लंबे और 10.5 मीटर चौड़े ये युद्धपोत तटीय जल क्षेत्र में सतह के नीचे पूरी तरह से निगरानी करने और तलाश एवं बचाव अभियान के संचालन में भी सक्षम हैं।

## टीवीएस मोटर कंपनी ने किया द अल्टीमेट स्ट्रीट वैपन का अनावरण

**कोलकाता :** पिछले चार दशकों की रेसिंग की समृद्ध धरोहर को आगे बढ़ाते हुए दोपहिया एवं तिपहिया सेगमेन्ट में ग्लोबल लीडर टीवीएस मोटर कंपनी ने 2025 टीवीएस अपाचे आरटीआर 310, द अल्टीमेट स्ट्रीट वैपन का लॉन्च किया। राइडर को ध्यान में रखते हुए परफोर्मेन्स, अपग्रेड्स और एग्रेसिव स्टाइलिंग के साथ पेश की गई 2025 टीवीएस अपाचे आरटीआर 310 सड़क पर प्रभुत्व बनाते हुए अपने डीएनए पर खरी उतरती है। पावर और प्रेसीज़न का बेहतरीन संयोजन यह मशीन उन लोगों के लिए डिज़ाइन की गई है जो आत्मविश्वास, नियन्त्रण और कैरेक्टर के साथ राईड करना पसंद करते हैं। इस लॉन्च पर बात करते हुए विमल सुंबली, हैड बिज़नेस- प्रीमियम, टीवीएस मोटर कंपनी ने कहा, "टीवीएस अपाचे आरटीआर 310 अपनी शुरूआत से ही नेकेड स्पोर्ट्स सेगमेन्ट में ट्रेंडसैटर रही है। 2025 एडीशन के साथ हम इसी धरोहर को आगे बढ़ाते हुए फ्यूचर रैडी टेक, सहज डिजिटल इंटरफेस, स्टैण्डआउट स्टाइलिंग लेकर आए हैं, साथ ही हमने राइडर की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत बनाया है।

## एसबीआई लाइफ का 'आइडिएशनएक्स 2.0' शुरू

**कोलकाता :** आज के युवाओं में नए विचारों की भरमार है, खासकर जब उन्हें असल दुनिया की चुनौतियों से जोड़ने का मौका मिले। इसी सोच के साथ एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने कोलकाता के इंटरनेशनल मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट में अपने नवाचार कार्यक्रम 'आइडिएशनएक्स 2.0' की शुरुआत की है। यह पहल देश के टॉप 100 बी-स्कूल्स के 25,000 से ज्यादा छात्रों को '2047 तक सभी के लिए बीमा' मिशन में भागीदारी का मौका दे रही है। इस दौरान, एसबीआई लाइफ के वरिष्ठ अधिकारी एम. आनंद, अध्यक्ष एवं मुख्य वितरण अधिकारी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और रवींद्र शर्मा, ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस और सीएसआर प्रमुख, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने छात्रों के साथ सीधी बातचीत की। रविंद्र शर्मा ने कहा, भारत में बीमा की पहुँच अब भी 4% से कम है। ऐसे में, हम टेक्नोलॉजी के साथ-साथ युवाओं के विचारों से तैयार विस्तार योग्य समाधान की तलाश कर रहे हैं, जो बीमा को हर व्यक्ति तक पहुँचा सके।

## कोलकाता-जम्मू तवी एक्सप्रेस में अस्थायी रूप से अतिरिक्त एसी-3 टियर कोच की वृद्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए कोलकाता-जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस में अस्थायी रूप से एक अतिरिक्त एसी-3 टियर कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। यह पहल यात्रियों को अधिक बर्थ उपलब्ध कराने और यात्रा को अधिक आरामदायक बनाने के उद्देश्य से की गई है। इसके तहत, ट्रेन संख्या 13151/13152 कोलकाता-जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 टियर कोच को जोड़ा गया है। यह कोच कोलकाता से 23 जुलाई से 9 अगस्त तक और जम्मू तवी से 25 जुलाई से 11 अगस्त तक चलने वाली ट्रेनों में जोड़ा जाएगा। इस बढ़ोत्तरी से प्रत्येक यात्रा में 72 अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध होंगे। रेलवे द्वारा यह कोच वृद्धि का निर्णय यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि सालभर बनी रहने वाली भारी मांग को संतुलित किया जा सके।

## जय हिंद विमानबंदर से नोआपाड़ा तक येलो लाइन का निरीक्षण



❑ जल्द मिलेगा एयरपोर्ट जाने का नया विकल्प

**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने जय हिंद विमानबंदर से नोआपाड़ा स्टेशन तक येलो लाइन के खंड का निरीक्षण किया। उनके साथ मेट्रो रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले जय हिंद विमानबंदर मेट्रो स्टेशन का दौरा किया गया, जहाँ अधिकारियों ने स्टेशन की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद महाप्रबंधक और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में रैक संख्या एमआर 413 के साथ एक ट्रायल रन भी सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस खंड के चालू हो जाने से कोलकाता और उसके उपनगरों के यात्रियों के लिए हवाई अड्डे तक पहुँचने के लिए आधुनिक और सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। मेट्रो रेलवे का यह कदम कोलकाता शहर में सार्वजनिक परिवहन के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी पहल मानी जा रही है। मेट्रो रेलवे जल्द ही इस खंड को जनता के लिए शुरू करने की दिशा में काम कर रही है, जिससे लाखों यात्रियों को लाभ मिलेगा।

## हरिपाल में अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज का सेवा शिविर शुरू

❑ कांवरियों के स्वार्थ लगाया गया एक माह व्यापी कैंप




**कोलकाता :** अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय सेवा ट्रस्ट की हुगली इकाई की तरफ से श्रवण के पावन अवसर पर शिव भक्त कांवरियों की सेवा के लिए एक माह व्यापी शिविर का आयोजन किया है। हरिपाल के वासुदेवपुर कोल्ड स्टोरेज के समीप लगे इस शिविर का रविवार को भव्य समारोह के तहत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के मुख्य संरक्षक जयप्रकाश सिंह ने समाज के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने सेवा कार्यों को और विस्तारित करने के लिए सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को प्रेरित किया। उन्होंने गंगासागर में बना रहे अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के धर्मशाला के महत्व को बताया और उसके जल्द से जल्द निर्माण पूरा करने के लिए हर सदस्य को यथा संभव योगदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर समाज के महासचिव शंकर बक्श सिंह, अध्यक्ष शेखर सिंह, उपाध्यक्ष पीएन सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय सेवा ट्रस्ट के सचिव कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने समाज के हर जरूरतमंद तक सेवा प्रदान करने का संकल्प दोहराया। जिले के नसीबपुर में समाज का इस साल दूसरा शिविर भी शुरू हुआ है।

मौके पर चंद्रिका बक्श सिंह, ओम प्रकाश सिंह, गौतम सिंह राय, दिनेश सिंह, काशीनाथ सिंह, कौशिक सिंह राय, सुधीर सिंह, रमाशंकर सिंह, अजय सिंह, विजय सिंह, सत्येंद्र सिंह, विमल सिंह, राजू सिंह, सुनील कुमार सिंह, हेमंत कुमार सिंह, शिवाजी सिंह, लक्ष्मण सिंह, परशुराम सिंह, उमेश सिंह, शंकर सिंह, जेपी सिंह, राजेंद्र सिंह, आरएन सिंह, शिव कुमार सिंह, धनंजय सिंह, धीरज सिंह, रोहित सिंह, अनुज सिंह, रमेश सिंह, संतोष सिंह, महेश सिंह सहित अन्य जन उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गोरा चंद्र सिंह राय, सायंतन सिंह राय, प्रभात सिंह राय, देवी प्रसाद सिंह राय, आलोक सिंह राय, असित सिंह राय, रूद्र सिंह राय, दीनबंधु सिंह राय, अपूर्वा सिंह राय, मालविका सिंह राय, संपा सिंह राय, तापसी सिंह राय, मलय सिंह राय, सुमंतरा सिंह राय, समीर सिंह राय, दीपक सिंह राय, विश्वजीत सिंह राय, अमिता सिंह राय व अमरजीत सिंह राय की भूमिका सराहनीय रही।

## हावड़ा भारतीय युवा साहू संगठन का कांवड़िया सेवा शिविर आयोजित




**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा भारतीय साहू समाज के अंतर्गत हावड़ा भारतीय युवा साहू संगठन के द्वारा रविवार को सावन मास के पावन अवसर पर हावड़ा के फांसीततला मोड हावड़ा मैदान से टिकियापाड़ा स्टेशन तक एक महाबोल बम शोभायात्रा कांवड़िया सेवा शिविर के तहत आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सभी समाज के लोगों ने अपना योगदान दिया। उसके बाद तारकेश्वर में एक एक विशाल शिविर का आयोजन किया गया जिसमें हावड़ा भारतीय साहू समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य और युवा साहू संगठन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य और हावड़ा कोलकाता के सभी समाज के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए हावड़ा भारतीय साहू समाज के अध्यक्ष और युवा साहू संगठन के सचिव और सिविर अध्यक्ष एवं सचिव ने सभी को धन्यवाद दिया।

## श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम के सांवरिया राखी मेला में उमड़ी भारी भीड़, आज समापन



**हावड़ा :** घर से रोजगार कर अपनी जीविका चलाने वाली महिलाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 12 वर्ष पूर्व शुरू हुआ सांवरिया राखी मेला शानदार सफलता के साथ चल रहा है। घुसुड़ीधाम सभागार में 19 जुलाई से शुरू हुए सांवरिया राखी मेला के आज तीसरे दिन लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने यहां लगे स्टालों का न केवल परिभ्रमण किया अपितु तीज-सिंधारा, राखी और जन्माष्टमी के लिए जमकर खरीददारी भी की। घुसुड़ीधाम परिवार के सहयोग व ममता कलेक्शन की देखरेख में आयोजित इस 12वें सांवरिया राखी मेला की संयोजिका ममता भुवालका ने बताया कि यहां लगे 40 स्टालों पर श्रावणी तीज-सिंधारा के लिए घर पर बने सत्तू-नमकीन से लेकर बहन-बेटियों-बहुओं को उपहार में देने के साड़ी-शूट-ज्वेलरी, राखी के लिए आकर्षक राखियों सहित भैया-भाभी-बच्चों के लिए मनमोहन गिफ्ट आइटम और जन्माष्टमी पर अपने लड्डूगोपाल को सजाने के पौशाकों से लेकर सभी प्रकार की श्रृंगार सामग्री का अतुलनीय संग्रह एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। इतना ही नहीं इस बार पन्ना डायमंड वर्ल्ड की रियल ज्वैलरी और चाय-मसालों की इस मेला में मौजूदगी आगन्तुकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। यह मेला आज यानि 22 जुलाई प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलेगा।

## पति के अवैध संबंधों का विरोध करने पर पत्नी की पीट-पीट कर हत्या



**पूर्व वर्दवान :** पूर्व वर्दवान के कालना में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पति के अवैध संबंधों का विरोध करने पर पत्नी को बेरहमी से पीटा गया, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान रामकृष्णपुर, पूर्वस्थली निवासी अजमीरा खातून के रूप में हुई है, जिसने स्थानीय युवक आलाबद्दीन शेख से प्रेम विवाह किया था। दोनों की एक बेटी भी है। लेकिन विवाह के कुछ समय बाद ही पति के किसी अन्य महिला से संबंध होने लगे। परिजनों का आरोप है कि जब अजमीरा ने इसका विरोध किया तो उस पर मानसिक और शारीरिक अत्याचार शुरू हो गया।

3 जुलाई को आलाबद्दीन ने अपनी पत्नी की बेल्ट से बेरहमी से पिटाई की और गंभीर हालत में उसे मायके के पास छोड़कर फरार हो गया। शुरुआत में अजमीरा ने घटना की जानकारी परिवार को नहीं दी, लेकिन तबीयत बिगड़ने पर जब परिजनों ने उसके शरीर पर चोट के निशान देखे, तो उसे कालना अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार रात उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर इलाके में आक्रोश का माहौल है। मृतका के परिवार की शिकायत के बाद पूर्वस्थली थाना पुलिस ने पति आलाबद्दीन शेख और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## पूर्व रेलवे की बड़ी उपलब्धि: राणाघाट आरआरआई पर क्षमता वृद्धि कार्य समय से पहले पूरा



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने राणाघाट स्टेशन पर एक महत्वपूर्ण नॉन-इंटरलॉकिंग (एनआई) कार्य समय से 8 घंटे पहले सफलतापूर्वक पूरा कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह कार्य 19 जुलाई की रात 23:09 बजे शुरू हुआ था और इसे 20 जुलाई की रात 23:59 बजे तक पूरा किया जाना था, लेकिन उत्कृष्ट योजना और निष्पादन के चलते इसे 20 जुलाई की शाम 16:00 बजे ही पूर्ण कर लिया गया। राणाघाट यार्ड में हुए इस कार्य के अंतर्गत लाइन संख्या 4 की क्लियर स्टैंडिंग रूम (सीएसआर) को 628 मीटर से बढ़ाकर 681.5 मीटर किया गया। इससे स्टेशन की मालगाड़ी संचालन क्षमता और परिचालन लचीलापन में उल्लेखनीय सुधार होगा। पहले सीमित लंबाई के कारण पूरी मालगाड़ी को खड़ा करने में दिक्कत होती थी, जिससे आस-पास की लाइनों (लाइन 5, 6 और 7) पर परिचालन प्रभावित होता था। अब यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो गई है।

इस कार्य में क्रॉसओवर पॉइंट संख्या 116ए/बी का हटाना, शंट सिग्नलों एसएच-71 और एसएच-68 का स्थानांतरण और एक्सल काउंटर व ग्लू जॉइंट्स का पुनर्स्थापन शामिल रहा। साथ ही, सिमेन्स निर्मित रूट रिले इंटरलॉकिंग (आरआरआई) प्रणाली में कुल 218 रूट्स में से 144 रूट्स में बदलाव किए गए। इस कार्य में 130 से अधिक रेलवे अधिकारी व कर्मचारी दिन-रात जुटे रहे। यह सफलता इंजीनियरिंग, सिग्नल एवं दूरसंचार और ऑपरेटिंग विभागों के समन्वय का परिचायक है। इससे राणाघाट स्टेशन पर माल और यात्री दोनों ट्रेनों के संचालन में सुधार होगा।




शहीद दिवस के समर्थन में मंत्री अरूप राय के नेतृत्व में हावड़ा जिला तृणमूल कांग्रेस (सदर) के नेता-कार्यकर्ता समेत भारी भीड़ धर्मतल्ला पहुंचे

# शहीद दिवस की जनसभा में हुगली से उमड़ा जनसैलाब, दीदी के साथ के नारों से गूंजा धर्मतल्ला

**हुगली :** कोलकाता के धर्मतल्ला में तृणमूल कांग्रेस द्वारा आयोजित शहीद दिवस की जनसभा में हुगली जिले से भारी संख्या में समर्थकों ने भाग लिया। रेल, सड़क और जलमार्ग के माध्यम से हजारों कार्यकर्ता सभा स्थल तक पहुंचे और ममता बनर्जी के नेतृत्व में अपनी आस्था और एकजुटता का प्रदर्शन किया। सभा स्थल पर हिंदी भाषी किसके साथ? बंगाल की दीदी ममता बनर्जी के साथ! जैसे जोशीले नारों ने माहौल को जीवंत कर दिया।

रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा अपने समर्थकों के साथ कोलकाता के लिए रवाना हुए, जबकि चांपदानी नगरपालिका के



चेयरमैन सुरेश मिश्रा के नेतृत्व में एक बड़ा समूह लोकल ट्रेन से हावड़ा पहुंचा और वहां से पदयात्रा करते हुए धर्मतल्ला मैदान तक गया। वहीं, सिंगुर के विधायक एवं मंत्री बेचाराम मन्ना भी हजारों समर्थकों के साथ कोलकाता पहुंचे। उनका काफिला सिंगुर से रवाना होकर सभा स्थल तक पहुंचा और जय ममता के नारों के साथ शक्ति प्रदर्शन किया। डानकुनी से टीएमसी विधायक अरिंदम गुइन दुर्गापुर एक्सप्रेसवे के रास्ते कोलकाता के लिए निकले। गुलाबी-सफेद पारंपरिक पंजाबी कुर्ता पहने कार्यकर्ताओं की लंबी कतारें रास्ते भर तृणमूल झंडे लहराते हुए दिखाई दीं। पूर्व सांसद अपरूपा पोद्दार के पति और पार्षद शाकिर अली भी सैकड़ों समर्थकों के साथ इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने कहा, शहीदों को कभी भुलाया नहीं जा सकता, उनका योगदान अतुल्य था और हमेशा रहेगा। उन्होंने वार्ड नंबर 4 की ओर से शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

ज्ञात हो कि 1993 में वाम शासन के दौरान हुई पुलिस फायरिंग में 13 तृणमूल समर्थकों की जान चली गई थी। तभी से तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी हर वर्ष 21 जुलाई को शहीद दिवस के रूप में मनाती हैं। 2011 में सत्ता में आने के बाद से वे धर्मतल्ला मैदान से शहीदों को श्रद्धांजलि देती हैं और जनता को संबोधित करती हैं। 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले यह सभा केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि पार्टी की शक्ति और ममता बनर्जी की जनप्रियता का भी सार्वजनिक प्रदर्शन बनकर उभरी।



शहीद दिवस के उपलक्ष्य में गिरीश पार्क में पूर्व विधायक संजय बक्शी, पूर्व स्मिता बक्शी एवं युवा नेता सौम्या बक्शी के नेतृत्व में सहायता कैंप लगाया गया।

## 21 जुलाई 'धर्मतल्ला चलो' अभियान के तहत वार्ड 42 तृणमूल युवा कांग्रेस ने लगाया सहायता शिविर

**कोलकाता, समाज्ञा :** '21 जुलाई धर्मतल्ला चलो' कार्यक्रम के उपलक्ष्य में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, सांसद अभिषेक बनर्जी, उत्तर कोलकाता के सांसद सुदीप बंदोपाध्याय, जोड़ासांको के लोकप्रिय विधायक विवेक गुप्ता तथा उत्तर कोलकाता तृणमूल युवा कांग्रेस के सभापति शांति रंजन कुंडू के निर्देशानुसार वार्ड 42 तृणमूल युवा कांग्रेस की ओर से एक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर चितपुर और महात्मा गांधी रोड के संगम पर लगाया गया, ताकि कार्यक्रम में भाग लेने वाले आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शिविर में चाय, पानी, बिस्कुट और फलों की व्यवस्था की गई थी, जिससे उपस्थित जनों को राहत मिल सके। इस




सेवा कार्य में वार्ड 42 तृणमूल युवा कांग्रेस के सभापति दीपक निगानियां, अनिल मिश्रा, लालू मिश्रा, प्रेम दुबे, अमृत पांडेय, सुरेंद्र सिंह, अजय बोथरा, दीपक सिंह, आदित्य गुप्ता, अखिलेश साव, कृष्ण श्रीवास्तव, विजय शर्मा, अशफाक खान, मोहम्मद जमालुदीन सहित अनेक तृणमूल कार्यकर्ता सक्रिय रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर तृणमूल युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एकजुटता और समर्पण का परिचय देते हुए आयोजन को सफल बनाया और सभी आगंतुकों को सम्मानपूर्वक सेवा प्रदान की।

## 21 जुलाई शहीद स्मरण दिवस के अवसर पर डायमंड हार्बर रोड हॉकर्स एसोसिएशन की पहल



**कोलकाता :** 21 जुलाई 2025 को धर्मतला में आयोजित शहीद स्मरण दिवस के मौके पर डायमंड हार्बर रोड हॉकर्स एसोसिएशन, 350/1 डायमंड हार्बर रोड (बेहाला बाज़ार), शहीद सुधा सिंधु मार्केट की ओर से एक महत्वपूर्ण जनसेवा की गई। संघ के अध्यक्ष शक्ति मंडल की पहल पर डायमंड हार्बर रोड से धर्मतला की ओर जा रहे लगभग 30,000 बसयात्रियों के लिए पेयजल और भोजन पैकेटों की व्यवस्था की गई। इस आयोजन में संघ के अध्यक्ष शक्ति मंडल, संपादक तरुण कांति घोष, और मुख्य सचिव मोहित मंडल उपस्थित रहे।



हावड़ा के वार्ड 29 के पूर्व पार्षद शैलेश राय के नेतृत्व में भारी जुलूस धर्मतला में शामिल हुई।

## शहीद दिवस की तैयारी के बीच कुछ तृणमूल कार्यकर्ता दिखे शराब के नशे में झूमते

**हावड़ा :** जहां एक ओर धर्मतल्ला में तृणमूल कांग्रेस द्वारा आयोजित शहीद दिवस की जनसभा को लेकर भावनात्मक माहौल था, वहीं दूसरी ओर कुछ कार्यकर्ता गंभीरता की सीमाएं लांघते नजर आए। विभिन्न जिलों से जुटे समर्थकों का जत्था सुबह से ही कोलकाता की ओर बढ़ रहा था, जिससे हावड़ा ब्रिज, फेरी घाट, हावड़ा स्टेशन और द्वितीय हुगली पुल पर जबरदस्त ट्रैफिक जाम हो गया। दोपहर होते-होते हालात ऐसे बने कि कई गाड़ियों को बीच रास्ते से लौटना पड़ा।

इस भीड़ को समेटने के लिए सांतरागाछी बस टर्मिनल पर सैकड़ों बसें खड़ी की गईं। यहीं पर कार्यकर्ताओं ने भोजन पकाया और आराम किया। लेकिन इसी बीच कुछ तृणमूल कार्यकर्ता आयोजन की



गरिमा को ताक पर रखकर शराब की बोतलें खोलते नजर आए। खुलेआम मस्ती करते इन कार्यकर्ताओं का व्यवहार शहीदों की स्मृति को अपमानित करता दिखा। कैमरे की नजर जैसे ही उन पर पड़ी, कई कार्यकर्ताओं ने अपना चेहरा छिपा लिया तो कुछ नशे में इस कदर चूर थे कि बोल भी नहीं पा रहे थे। पत्रकारों से अशिष्टता भी दर्ज की गई। यह दृश्य साफ तौर पर सांतरागाछी बस स्टैंड पर देखा गया, जिसने आयोजकों की तैयारियों और अनुशासन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहीदों को श्रद्धांजलि देने आए इन कार्यकर्ताओं का यह रवैया राजनीतिक मंच पर आलोचना का विषय बन गया है।

## 'दीदी की आंचल में सुरक्षित', ममता की तस्वीर वाली साड़ी पहनकर धर्मतला पहुंचीं दुर्गापुर की महिला ब्रिगेड

**दुर्गापुर :** राज्य में महिला सुरक्षा को लेकर बार-बार विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब अब खुद महिलाओं ने दिया है। दुर्गापुर के पांडवेश्वर ब्लॉक की महिला तृणमूल कार्यकर्ताओं की ब्रिगेड ने आज यह साबित कर दिया कि वे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में खुद को पूरी तरह सुरक्षित मानती हैं।

'दीदी की आंचल में हम सुरक्षित हैं', यह संदेश देते हुए ये महिलाएं ममता बनर्जी की तस्वीर छपी हरे और पीले बॉर्डर वाली खास साड़ी पहनकर धर्मतला की ओर रवाना हुईं, जहाँ आज 21 जुलाई की शहीद सभा का आयोजन किया गया है।

महिलाओं ने कहा, ममता बनर्जी हमारे दिल में हैं, आज हमने उन्हें अपने वस्त्रों पर भी धारण



किया है। बीजेपी केवल झूठा प्रचार करती है, लेकिन बंगाल की मां-बहनें यहां पूरी तरह सुरक्षित हैं।

गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्गापुर की सभा में कहा था कि बंगाल की महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं - न अस्पताल में, न कॉलेज में। लेकिन महिला ब्रिगेड के इस साहसिक और प्रतीकात्मक कदम ने प्रधानमंत्री के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

## डायमंड हार्बर एसिड अटैक केस में बड़ा फैसला, पति को कोर्ट ने ठहराया दोषी

❑ **एक साल में पूरी हुई सुनवाई**

**कोलकाता, समाज्ञा :** डायमंड हार्बर के राजीवपुर इलाके में पत्नी पर एसिड फेंकने के एक सनसनीखेज मामले में सोमवार को अलीपुर की फास्ट ट्रैक (सातवीं) अदालत ने आरोपी पति शेख अब्बास उर्फ 'कालो' को दोषी ठहराया। सजा की घोषणा मंगलवार को की जाएगी। यह मामला न्यायिक प्रक्रिया की तीव्रता का उदाहरण बन गया, क्योंकि महज एक साल में सुनवाई पूरी कर ली गई। घटना गत वर्ष दक्षिण 24 परगना जिले के पुजाली थाना अंतर्गत दुर्गापुर पश्चिमपाड़ा में हुई थी, जब आरोपी ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी के चेहरे पर तेजाब फेंक दिया था। इस हमले में महिला का चेहरा बुरी तरह झुलस गया था और उसकी आंखों की रोशनी चली गई थी। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया था और आरोपी मौके से फरार हो गया था।

पीड़िता को तुरंत अस्पताल ले जाया गया और उसी दिन उसके भाई ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुजाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 326ए (एसिड अटैक) के तहत मामला दर्ज किया और कार्रवाई शुरू की। चालक होने के कारण शेख अब्बास किसी अन्य राज्य में भागने की योजना बना रहा था, लेकिन तत्कालीन जांच अधिकारी बादल बसु (अब सेवानिवृत्त) की त्वरित कार्रवाई से वह तीन दिन के अंदर यानी 27 जून को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने 17 अगस्त को चार्जशीट और 22 नवंबर को पूरक चार्जशीट अदालत में दाखिल की। मामले में प्रत्यक्षदर्शियों की गवाही, पुलिस की जांच रिपोर्ट और मेडिकल दस्तावेजों को अदालत में प्रस्तुत किया गया। न्यायिक प्रक्रिया के दौरान आरोपी को जेल हिरासत में रखा गया। सोमवार को कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार दिया, और अब मंगलवार को उसकी सजा का एलान होगा। इस मामले में सरकारी पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक अनिर्बाण गुहा ठाकुरता ने पैरवी की, जबकि पीड़िता की ओर से वकील मोहम्मद आजम खान और शेख राकिब हुसैन ने पक्ष रखा। वहीं, बचाव पक्ष की ओर से वकील मनोज चट्टोपाध्याय ने दलीलें पेश कीं।

## राज्य के पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता अबू हेना का निधन



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अबु हेना का साल्टलेक स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, हेना लंबे समय से बीमार थे। सूत्रों ने बताया कि हेना ने रविवार की रात करीब 10.45 बजे अंतिम सांस ली। वह मुर्शिदाबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष थे। पेशे से वकील कांग्रेस नेता ने 1991 से 2021 तक पश्चिम बंगाल विधानसभा में लालगोला विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया। वह 2011 में तृणमूल कांग्रेस की पहली सरकार में मंत्री बने। उस वक्त कांग्रेस तृणमूल कांग्रेस पार्टी की सहयोगी थी। कांग्रेस द्वारा सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद उन्होंने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। हेना ने 2021 के विधानसभा चुनाव में पहली बार हार का मुंह देखा। उन्हें तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार मोहम्मद अली ने हराया था।

## 'मुणिन्द मोरा' ढाल के संगान से दूर होते हैं कष्टः मुनिश्री जिनेश कुमारजी

**कोलकाता :** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमार जी ठाणा-3 के सान्निध्य में चमत्कारी ढ़ाल 'मुणिन्द मोरा' विषय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कलकता-पूर्वांचल) ट्रस्ट द्वारा भिक्षु विहार में किया गया। इस कार्यक्रम में वृहत्तर कोलकाता के श्रावक-श्राविकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए मुनिश्री जिनेश कुमार जी ने कहा- तेरापंथ के चतुर्थ आचार्य जीतमल जी सिद्धहस्त कवि व साधक थे। उन्होंने राजस्थानी भाषा में साढ़े तीन लाख पद्य परिमाण साहित्य की संरचना कर राजस्थानी भाषा के भंडार को समृद्ध किया। वे विधिवेत्ता, साहित्कार, तत्ववेता, आगमवेत्ता, सिद्धान्तवेत्ता, कुशल प्रवचनकार, आशुकवि, कर्मठ योगी व महान ध्यान साधक संत थे। वि. सं. 1914 बीदासर में एक दैविक उपद्रव से पश्चिम रात्रि में उनके प्रवास स्थल में अंगारों की वर्षा हुई। सभी संत बेहोश हो गए। उस समय आचार्य जीतमल जी ने उपसर्ग निवारण हेतु आचार्य भिक्षु आदि महान तपस्वी साधु-साधियो का गुणोत्कीर्तन करते हुए 'मुणिन्द मोरा' ढ़ाल की संरचना की। ढाल बनते-बनते दैविक उपद्रव शांत हो गया। तब से यह ढ़ाल चमत्कारी बनी हुई है। इस ढाल का संगान व स्वाध्याय करने से संकट दूर होते



है और मन समाधिस्थ रहता है। इसलिए इसका सबको प्रतिदिन संगान करना चाहिए। मुनि श्री जिनेश कुमार जी ने ढ़ाल के घटना प्रसंग की विस्तृत व्याख्या की और बीदासर क्षेत्र की विशेषता को बतलाते हुए दृढधर्मी श्रावक समाज की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

मुनि परमानंद ने अपने विचार व्यक्त किये। मुनि कुणाल कुमार जी ने मंगलाचरण प्रस्तुत करते हुए 'मुणिन्द मोरा' ढ़ाल का सामूहिक संगान करवाकर पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। विशेष रूप से उपस्थित बीदासर श्रावक समाज की ओर से विवेक दुगड़ ने गीत का संगान किया। पूर्वांचल सभा द्वारा तपस्वियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्वांचल तेरापंथी समाज की समस्त शाखाओं के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



शहीद दिवस के उपलक्ष्य में वार्ड 42 में स्ट्रैंड रोड एवं ब्राबोर्न रोड पर तृणमूल पार्षद महेश शर्मा के नेतृत्व में सहायता कैंप लगाया गया। इस कैंप में पूर्व विधायक बक्शी समेत विभिन्न नेताओ ने भाग लिया।

## मध्यमग्राम में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत पर मचा बवाल

❑ **गुस्साए लोगों ने ट्रैफिक बूथ में की तोड़फोड़, हाईवे पर लगाया जाम**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम इलाके में सोमवार की सुबह हुए सड़क हादसे के बाद इलाके में जमकर बवाल हुआ। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जिसके विरोध में स्थानीय लोगों ने जेशोर रोड पर करीब तीन घंटे तक रास्ता जाम कर दिया। प्रदर्शन के दौरान गुस्साई भीड़ ने पुलिस कियॉस्क और थाने में भी तोड़फोड़ की। स्थिति को काबू में लाने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल और रैफ को तैनात किया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, तड़के करीब 4 बजे यह घटना जेशोर रोड स्थित काजी नजरुल इस्लाम एवेन्यू पर हुई। एक मोटरसाइकिल सवार युवक डिवाइडर के बीच से रास्ता पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार मछली से लदी एक पिकअप वैन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक और उसके पीछे बैठे साथी सड़क पर जा गिरे। पीछे बैठे ज़ियारुल रहमान (38) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहे शेख कासेद (25) को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने घटनास्थल पर जमा होकर जेशोर रोड पर विरोध प्रदर्शन करते हुए रास्ता जाम कर दिया। लोगों का आरोप था कि दुर्घटना के समय मौके पर पुलिस और सिविक वॉलंटियर मौजूद थे, बावजूद इसके पिकअप वैन का चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। इसी बात को लेकर गुस्साए लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया और थाने के कियॉस्क में तोड़फोड़ की। मामले को शांत करने के लिए मध्यमग्राम थाने के प्रभारी और बारासत पुलिस जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतीश विश्वास मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की लेकिन स्थिति काबू में नहीं आई, जिसके बाद रैफ की तैनाती कर भीड़ को हटाया गया और जाम समाप्त कराया गया। करीब ढाई से तीन घंटे तक चले इस विरोध प्रदर्शन की वजह से जेशोर रोड पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया था। हालात नियंत्रित करने के लिए पुलिस को खासी में मशक्कत करनी पड़ी।

## शहीद दिवस की रैली में जा रही तृणमूल समर्थकों की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, तीन घायल

**हावड़ा, समाज्ञा :** 21 जुलाई को कोलकाता के धर्मतल्ला में तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली में शामिल होने जा रहे पार्टी समर्थकों की गाड़ी हावड़ा के जगतबल्लभपुर थाना अंतर्गत हावाखाना इलाके में एक तेज रफ्तार बस से जा टकराई जिससे गाड़ी की छत पर बैठे कई लोग नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, हुगली जिला अंतर्गत खानाकुल के बालिपुर इलाके से करीब



30-35 तृणमूल कार्यकर्ता एक गाड़ी में सवार होकर शहीद दिवस की रैली में भाग लेने के लिए धर्मतल्ला जा रहे थे। जब गाड़ी जगतबल्लभपुर के हावाखाना इलाके से गुजर रही थी, तभी तेज गति के कारण वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया और सामने चल रही एक बस में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को जगतबल्लभपुर ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया। इनमें से एक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद कोलकाता मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही जगतबल्लभपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज़ इन ब्रीफ

### महाराणा प्रताप की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में अज्ञात लोगों पर मुकदमा

लखनऊ : उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पुलिस ने हुसैनगंज चौराहे पर स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा की तलवार के एक हिस्से को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि हुसैनगंज चौराहे पर स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के निचले हिस्से के पास रखी तलवारों में से एक की नोक क्षतिग्रस्त हो गयी थी। उसे तुरंत ठीक कर दिया गया।

### लुधियाना में 189 करोड़ रुपये की सीमा शुल्क चोरी के मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**लुधियाना :** पंजाब के लुधियाना में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की क्षेत्रीय इकाई ने विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 189 करोड़ रुपये के सीमा शुल्क चोरी मामले के मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया है। सोमवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि आरोपी एक साल से ज़्यादा समय से फरार था। उस पर आरोप है कि उसने तीन कंपनियों के नकली मालिकों के ज़रिए सीमा शुल्क विभाग के गोदामों से शुल्क-मुक्त आयातित माल की हेराफेरी की। इसमें कहा गया कि सीमा शुल्क विभाग के गोदामों की लाइसेंस शर्तों के अनुसार, आयातित सामान का इस्तेमाल निर्यात उत्पादों के निर्माण में किया जाना चाहिए था।

### संभल : शाही जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर मामले में पांच अगस्त को होगी अगली सुनवाई

**संभल (उप्र) :** संभल में चंदौसी स्थित एक अदालत ने सोमवार को जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले की अगली सुनवाई आज बार एसोसिएशन की हड़ताल के चलते पांच अगस्त के लिए निर्धारित की है। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) आदित्य सिंह की अदालत में सुनवाई के लिए यह मामला सूचीबद्ध है। इस मामले में मुस्लिम पक्ष ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, हालांकि उच्च न्यायालय ने 19 मई को निचली अदालत के सर्वे के आदेश को बरकरार रखते हुए निचली अदालत में ही सुनवाई के आदेश दिए थे।

## बिहार विधानसभा में मानसून सत्र के पहले दिन मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर हंगामा



**पटना :** बिहार विधानसभा में सोमवार को मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष के सदस्यों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर प्रदर्शन किया। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के सदस्य एसआईआर के विरोध में काले कुर्ते पहनकर विधानसभा परिसर में पहुंचे। भाकपा (माले) लिबरेशन के विधायक दल के नेता महबूब आलम ने कहा, "निर्वाचन आयोग ने गलत तरीके से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाने का आदेश दिया है। अंदेशा है कि इससे सत्तारूढ़ राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) को मदद मिलेगी, जो आगामी विधानसभा चुनावों में भारी हार की कगार पर है। हम सदन से सड़क तक इसके खिलाफ लड़ेंगे।' सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कई विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर एसआईआर के खिलाफ नारे लगाने लगे और विधानसभा में मौजूद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से हाल में आपराधिक घटनाओं में हुई बढ़ोतरी पर बयान देने की मांग करने लगे। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के विधायक अख्तरुल ईमान एसआईआर के खिलाफ नारे लगाते हुए आसन के निकट आ गए, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने उन्हें अपनी सीट पर वापस जाने को कहा। हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सदन ने दिवंगत पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि दी।

### राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई के लिये मंज़ूर हुई याचिका

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश में वाराणसी की विशेष एमपी/एमएलए अदालत ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा सिखों को लेकर दिए गए बयान के सिलसिले में दायर याचिका को सोमवार को सुनवाई के लिये स्वीकार कर लिया। अधिवक्ता विवेक शंकर तिवारी ने बताया कि राहुल द्वारा सितंबर 2024 में अमेरिका दौरे के दौरान सिखों को लेकर दिए गए कथित आपत्तिजनक बयान को लेकर अदालत में वाद दाखिल किया गया था। इसे अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (विशेष एमपी/एमएलए अदालत) की अदालत ने 28 नवंबर 2024 को सुनवाई के बाद खारिज कर दिया था। तिवारी ने बताया कि इसे लेकर सत्र न्यायालय में निगरानी याचिका दाखिल की गयी थी, जिस पर सोमवार को सुनवाई करते हुए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी/एमएलए अदालत) यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत ने याचिका को सुनवाई के लिये स्वीकार कर लिया।

## न्यूज़ अपडेट

### असीम कुमार घोष ने हरियाणा के राज्यपाल के रूप में शपथ ली



**चंडीगढ़ :** प्रतिष्ठित विद्वान असीम कुमार घोष ने सोमवार को हरियाणा के 19वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। उन्होंने बंडारू दत्तात्रेय का स्थान लिया है। घोष (81) को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष मोहन लाल बडौली समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### तेजस्वी बिहार विधानसभा के अध्यक्ष से मिले, सदन में एसआईआर पर चर्चा की मांग की

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव से मुलाकात की और उनसे राज्य में मतदाता सूची के विवादास्पद विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सदन में चर्चा कराने का अनुरोध किया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मानसून सत्र के पहले दिन अध्यक्ष के कक्ष में उनसे मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा, "हमने अनुरोध किया कि इस मामले पर कल सदन में चर्चा कराई जाए। बिहार में विधानसभा लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है... राज्य में लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। वंचित वर्ग के लोगों से उनके मताधिकार को छीनने की कोशिश की जा रही है। हम सदन से सड़क तक इसका मुकाबला करेंगे।' हालांकि, वरिष्ठ भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पत्रकारों से कहा, "यह आशंका निराधार है। एक भी वास्तविक मतदाता का नाम नहीं काटा जाएगा। आगामी विधानसभा चुनाव में सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।'

### नीतीश अपनी जिम्मेदारियां नहीं निभा पा रहे, उन्हें अपने बेटे को बागडोर सौंपनी चाहिए: राबड़ी देवी

**पटना :** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कानून-व्यवस्था को संभाल पाने में विफल रहने का आरोप लगाया और उनसे अपने बेटे निशांत को जिम्मेदारी सौंपने को कहा। राजद नेता राज्य विधान परिषद के बाहर पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर दे रही थीं। वह विधान परिषद में विपक्ष की नेता हैं। राजद नेता ने हाल में अपराध की घटनाओं में हुई वृद्धि का जिक्र करते हुए कहा, हालांकि देश के विभिन्न हिस्सों में कानून-व्यवस्था की समस्याएं हैं, लेकिन बिहार में स्थिति विशेष रूप से गंभीर है। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं और उनके पास गृह विभाग भी है। वह स्पष्ट रूप से स्थिति को संभालने में असमर्थ हैं। बेहतर होगा कि वह यह जिम्मेदारी अपने बेटे को सौंप दें। राबड़ी देवी से जब यह पूछा गया कि क्या वह सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांग रही हैं, तो उन्होंने कहा, मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि उन्हें पहले इस्तीफा देना चाहिए या नहीं। लेकिन उन्हें अपने बेटे को आगे आने देना चाहिए। वह युवा हैं और बेहतर काम करेंगे।

### पटना अस्पताल हत्याकांड: कोलकाता से गिरफ्तार चार लोगों को 'ट्रांजिट रिमांड' पर बिहार लाया गया

**पटना :** पटना के एक निजी अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या के सिलसिले में कोलकाता में गिरफ्तार किये गये चार लोगों को 'ट्रांजिट रिमांड' पर यहां लाया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। बिहार पुलिस ने कोलकाता पुलिस और कोलकाता विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के साथ संयुक्त अभियान चलाकर शनिवार को मुख्य आरोपी तौसीफ, उसके चचेरे भाई निशु खान और उनके दो साथियों-- हर्ष एवं भीम को गिरफ्तार किया। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्तिकेय के शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "गिरफ्तार किए गए चारों लोगों को कोलकाता से 'ट्रांजिट रिमांड' पर यहां लाया गया। उन्हें यहां एक अदालत में पेश करने की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं ताकि उनकी पुलिस रिमांड हासिल की जाए।' बक्सर जिले के निवासी चंदन मिश्रा की 17 जुलाई की सुबह यहां एक निजी अस्पताल में बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। चंदन हत्या के एक मामले में दोषी था और पैरोल पर बाहर था। इस हत्याकांड का एक कथित सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसमें पांच हथियारबंद लोग अस्पताल के आईसीयू में घुसते और चंदन पर गोलियां चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## झारखंड सरकार ने देश की पहली खनन पर्यटन परियोजना शुरू की



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार ने देश की पहली खनन पर्यटन परियोजना शुरू की है और कोल इंडिया की शाखा 'सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड' (सीसीएल) के साथ एक समझौता किया है। सोरेन ने हाल में बार्सिलोना के 'गावा म्यूजियम ऑफ माइन्स' का दौरा किया था, जहां उन्होंने नवपाषाण युग की प्राचीन खनन तकनीकों और अवशेषों को देखा था। इसके बाद ही उन्होंने राज्य में खनन पर्यटन परियोजना को लेकर यह कदम उठाया । झारखंड खनिज संपन्न राज्य है और देश के कुल खनिजों का लगभग 40 प्रतिशत यहीं पाया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड पर्यटन विकास निगम ने खनन पर्यटन परियोजना के लिए सीसीएल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य झारखंड की समृद्ध खनन विरासत को एक आकर्षक पर्यटन अनुभव में बदलना है। राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। कुमार ने कहा, 'झारखंड एक खनन राज्य के रूप में पहचाना जाता है। हमने सीसीएल के साथ मिलकर राज्य में खनन पर्यटन की दिशा में पहला कदम उठाया है।

### झारखंड में 13 साल की बच्ची का अपहरण कर बलात्कार, आरोपी हिरासत में

**सिमडेगा/रांची (झारखंड) :** झारखंड के सिमडेगा जिले में एक लड़के ने 13 वर्षीय लड़की का कथित तौर पर अपहरण कर उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिमडेगा के उपायुक्त (डीसी) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) को आरोपी की पहचान करने और उसे तुरंत गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। सोरेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सिमडेगा के उपायुक्त और सिमडेगा पुलिस यह बिल्कुल असहनीय है। आरोपी की पहचान करें और उसे तुरंत गिरफ्तार करें, सख्त से सख्त कार्रवाई करें।

## हर नागरिक की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में जनता दर्शन में आए लोगों को भरोसा दिया कि हर नागरिक की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन आयोजित किया और इस दौरान यहां प्रदेशभर से लगभग 50 से अधिक फरियादी पहुंचे। मुख्यमंत्री हर फरियादी के पास गए, समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिए और आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, "हर समस्या का निराकरण होगा और उत्तर प्रदेश के हर नागरिक की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है।' योगी ने जनता दर्शन में आए एक दिव्यांग की फरियाद सुनी और उन्हें मोटर चालित 'ट्राई साइकिल' दिलाने को कहा। पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, रोजगार, शिक्षा, आवास, कब्जा आदि से जुड़े मामले भी आए, जिस पर प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। जनता की समस्या सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है और सभी को न्याय मिलेगा। बयान में कहा गया, "मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में अभिभावकों के साथ आए बच्चों से भी बातचीत की। उनका हालचाल जाना, दुलार किया और उनकी पढ़ाई के बारे में भी जानकारी ली।'

## अवैध धर्मांतरण गिरोह का सरगना गिरफ्तार, अब तक 11 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



**आगरा :** उत्तर प्रदेश के आगरा में पुलिस ने बड़े पैमाने पर अवैध धर्मांतरण कराने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करने के तीन दिनों के भीतर मामले से जुड़े एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को गिरोह का सरगना बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान अब्दुल रहमान के रूप में हुई है। पुलिस ने इससे पहले शनिवार को गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए छह राज्यों से 10 लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया था। पुलिस ने बताया कि अवैध धर्मांतरण के मामले के संबंध में पकड़ा गया 11 वां आरोपी अब्दुल रहमान मूल रूप से फिरोजाबाद का रहने वाला है और उसे दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। आगरा के पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया, पकड़ा गया आरोपी अब्दुल रहमान अवैध धर्मांतरण गिरोह का सरगना है। गिरोह में शामिल लोग उसे रहमान चचा के नाम से बुलाते हैं। कुमार ने बताया, अब्दुल रहमान ने 1990 में धर्म परिवर्तन किया था और उसके बाद दिल्ली चला गया। अब्दुल से पहले गिरोह का सरगना कलीम सिद्दीकी था। 2021 में राज्य पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने कलीम सिद्दीकी को गिरफ्तार किया था और 2024 में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी।

समीक्षा

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

**22.07.2025 : मंगला गौरी व्रत,दुर्गा यात्रा**
**23.07.2025 : मास शिवरात्रि व्रत**
**27.07.2025 : हरियाली तीज व्रत**
**28.07.2025 : श्रावण सोमवार व्रत**

## रावण के जन्म की कथा

**सर्वेश तिवारी श्रीमुख**

मानस में बाबा तुलसी राम जन्म से पहले रावण जन्म की कथा लिखते हैं! क्यों भला? विशुद्ध कलियुगी बात है, यदि जीवन में बुराई का अनुभव न हुआ हो तो अच्छाई का मूल्य समझ में नहीं आता। एक सामान्य व्यक्ति जिसने रावणत्व का अनुभव न किया हो, वह रामत्व को पूर्णरूपेण नहीं समझ पाता है।

रावण के पूर्वजन्म में प्रतापभानु नामक राजा होने की कथा आती है। उनकी प्रसिद्धि से जल कर एक कपटी ने ब्राह्मण वेश धर कर उनके साथ छल किया। उन्हें एक अनुष्ठान करने और उसके पश्चात ब्राह्मण भोजन का सुझाव दिया। भोजन बनाने की जिम्मेवारी उसने स्वयं ली। जब ब्राह्मण भोजन करने बैठे तो आकाशवाणी हुई कि ठहरिए ब्राह्मणों! आपके साथ छल हुआ है। यह राजा आपको मांस खिला कर आपका धर्म भ्रष्ट कर रहा है।

ब्राह्मणों ने प्रतापभानु को शाप दिया कि 'अगले जन्म में महानीच राक्षस हो जाओ।' अब सोचिये! प्रतापभानु का तो कोई दोष नहीं दिखता, छल तो उनके साथ भी हुआ था। फिर नियति ने उन्हें किस अपराध का दंड दिया था?

प्रतापभानु को दंड मिला उनकी सहजता का। यदि हम अपने शत्रु की पहचान नहीं करते तो अनजाने में ही स्वयं के साथ साथ अनेकों का अहित करते हैं। फिर इसका दण्ड तो भुगतना होगा न?

यदि हनुमान जी ने कालनेमि को न पहचाना होता तो क्या केवल उनका अहित होता? नहीं। वे स्वयं के साथ साथ अपने प्रभु और समस्त बानर सेना के अहित का कारण बनते... सो मित्र वेश में छिपे अपने शत्रु को पहचानना भी हमारा परम कर्तव्य है।

कई बार हम समस्त जगत को ही अपना मित्र समझने लगते हैं। यह वैराग्य की अति है। जगतकल्याण के लिए तपस्या करते ऋषियों से भी राक्षस शत्रुता करते थे और उन्हें मार कर खा जाते थे, फिर गृहस्थ के जीवन में केवल मित्र ही कैसे हो सकते हैं? स्वयं को उदार सिद्ध करने के लोभ में शत्रु को भी मित्र बताने वाला व्यक्ति स्वयं के साथ साथ अपने पूरे समाज के लिए घातक होता है।

प्रतापभानु जब अगले जन्म में रावण के रूप में आये, तब भी वे अपना यह दुर्गुण साथ ले कर आये। मित्राभाव के साथ जिस जिस ने उन्हें सही राह दिखानी चाही, उसने उनका तिरस्कार किया। पहले पिता विश्रवा का, पत्नी मंदोदरी का, फिर भाई विभीषण का... और जिन राक्षसों ने सदैव अनाचार के लिए प्रेरित किया, उन्ही की सुनता रहा। इसी दुर्गुण के कारण रावण स्वयं के साथ साथ पूरे कुल और समस्त संस्कृति के विनाश का कारण बना। सब कुछ जानते हुए भी सभ्यता के शत्रुओं को मित्रा बनाने वाला व्यक्ति अंततः रावण की तरह ही विनाश का कारण बनता है। (उर्वशी)

## 23 जुलाई को मनाई जाएगी सावन शिवरात्रि, जानें विधि और चार प्रहरों की पूजा का महत्व



एक वर्ष में एक महाशिवरात्रि और 11 शिवरात्रियां पड़ती हैं, जिन्हें मासिक शिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। मासिक शिवरात्रि हर माह में एक बार आती है। इस तरह से 12 शिवरात्रि होती हैं। हर महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी पर शिवरात्रि मनाई जाती है, जिसे मासिक शिवरात्रि कहा जाता है। मान्यता है कि मासिक शिवरात्रि का व्रत करने से भगवान शंकर प्रसन्न होते हैं

श्रावण मास में पड़ने वाली शिवरात्रि को सावन शिवरात्रि या श्रावण शिवरात्रि कहा जाता है। श्रावण का पूरा महीना भगवान शिव को समर्पित है और उनकी पूजा के लिए शुभ होता है। इसलिए, श्रावण मास में पड़ने वाली शिवरात्रि को भी अत्यंत शुभ माना जाता है।

पंचांग के अनुसार सावन माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 23 जुलाई 2025 को सुबह 4:39 बजे से होगी और यह तिथि अगले दिन 24 जुलाई को रात 2:28 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार सावन शिवरात्रि का व्रत 23 जुलाई, बुधवार को रखा जाएगा।

### चार प्रहरों की पूजा का महत्व-

शिवरात्रि की रात्रि में चार प्रहरों की पूजा का विशेष विधान है। भक्त रात्रि के प्रत्येक प्रहर में अलग-अलग सामग्रियों से शिव का रुद्राभिषेक करते हैं। जल, दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है। प्रत्येक पहर में शिव को अलग भोग, फूल और मंत्र अर्पित किए जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि यह पूरी रात्रि जागरण और पूजा, भक्त की सारी बाधाओं को दूर करती है और विशेष पुण्य की प्राप्ति कराती है।

रात्रि को चार प्रहरों में बांटा गया है और शिवरात्रि की पूजा हर प्रहर विशेष विधि से की जाती है। चारों पहरों की पूजा का मुख्य उद्देश्य है शिव के चार रूपों और गुणों की साधना और रात्रि के प्रत्येक भाग में आत्मा को शुद्ध करते हुए शिव में लीन होना। असल में, रात का हर पहर हमारी भीतर की एक अवस्था दर्शाता है, जैसे कि शरीर, मन, आत्मा और ब्रह्म (परमात्मा)। इन चार पहरों में शिव की चार पद्धतियों से आराधना करने पर साधक को पूर्णता प्राप्त होती है।

लिंग पुराण में कहा गया है कि शिवरात्रि के दिन, विशेषकर श्रावण मास में, उपवास, रात्रि जागरण और शिवलिंग पर बेलपत्र, जल, दुग्ध अर्पित करने से सौभाग्य, दीर्घायु और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसी पुराण में एक कथा मिलती है जिसमें चांडाल द्वारा अनजाने में शिवरात्रि के दिन बेलपत्र चढ़ाने से मोक्ष प्राप्त हुआ।

सावन शिवरात्रि की रात्रि को 'निशीथ काल' में शिवपूजन का विशेष महत्व है। निशीथ काल, अर्थात मध्यरात्रि में, जब शिव तांडव में लीन होते हैं, उस समय शिवाभिषेक, महामृत्युंजय जाप से विशेष सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं।

अग्नि पुराण में कहा गया है कि - 'श्रावणस्य तु मासे तु शिवार्चनं विशेषतः। सर्वकामसमृद्ध्यर्थं भवत्येव न संशयः।।' - अर्थात, श्रावण मास में शिव का पूजन निश्चित ही सर्वकामनाओं की पूर्ति करता है।

### सावन शिवरात्रि पर शिव पूजा की विधि -

- सुबह स्नान कर व्रत का संकल्प ल।
- गंगाजल, दूध, दही, शहद, घी और पंचामृत और जल से शिवलिंग का अभिषेक करें।
- बेलपत्र, भांग, धतूरा, सफेद फूल, चंदन, फल और धूप-दीप अर्पित कर।
- 'ॐ नमः शिवाय' या 'महामृत्युंजय मंत्र' का जाप करें. 5. रात्रि जागरण कर।
- रातभर शिव भजन, स्तोत्र या शिव पुराण का पाठ करें।

## आखिर क्यों परेशानी का सबब है शनि

**तरूपेश कुमार चौहान**

प्राणी की भौतिक सुखों की लालसाएं आज इतनी तीव्र होती जा रही हैं कि वह उन्हें पाने के लिए लालायित तो रहता ही है, साथ ही उससे दुगुने वेग से लालसाओं के गुलाम की भांति उनका निरन्तर अनुसरण कर रहा है जिससे उसके जीवन की शांति भी उसी वेग से दूर चली जा रही है। उपनिषदों में कहा गया प्रेय मार्ग आज उसे सांसारिक भोगों की ओर धर्मान्ध बना रहा है क्योंकि श्रेय मार्गी बनना तो उसके भाग्य में नहीं। वह तो उसे बेकार की वस्तु समझ ठोकर मारता जा रहा है।

प्रवृत्ति का यह रूप अत्यन्त कष्टदायक है क्योंकि भौतिक सुखों की ओर की गई इस प्रवृत्ति से कष्टों और अशांति की ही बौछार होती है। शांति का तो दूर-दूर तक कोई ठिकाना नहीं होता।

ऐसी स्थिति में जातक सोचता है कि उसे कोई देख नहीं रहा लेकिन वह अबोध बालक की भांति है जो शनिदेव की महिमा से अनजान है। शनि की दृष्टि में महान तेज है, वह भी ऐसा तेज जो जिसको देखे, भस्म कर दे।

सूर्य की रश्मियों को भी काला करने की क्षमता रखने वाले शनिदेव वैसे तो सूर्यपुत्र ही कहे जाते हैं लेकिन सूर्य भी अपने पुत्र से डरते हैं। और तो और, जब इसकी दृष्टि की तीव्रता से भगवान गणेश का सिर धड़ से अलग हो गया तो सामान्यजनों की तो बिसात ही क्या है? इस शनिदेव की मारक शक्ति इतनी तीव्र है कि चन्द पलों में ही यह राजा को रंक और रंक को राजा बना देता है।

वैसे मूलतः व्यक्ति की परेशानियों के पीछे शनि के तीन रूप ही कारक हैं। प्रथम रूप में शनि देव दिव्य दृष्टि से ओत प्रोत हैं। द्वितीय कारक शनिदेव का कर्मफल प्रदाता रूप है तथा तीसरे और अंतिम रूप में परमेश्वर आज्ञा से कर्मों के फल का यथावत भुगतान करने वाला भी वही है। शनिदेव की मित्राता श्री कृष्ण भगवान से है और श्रीकृष्ण की आज्ञा से समस्त प्राणी संसार में कर्म फल के भोक्ता बने रहते हैं। गीता में कहा भी है-




'सर्वधमनिपरित्यज्य मामेकं शरणं ब्रज,
अहं त्वा सर्वपापेम्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः।'

अर्थात सभी धर्मों का त्याग कर मेरी शरण में आओ। मैं ही 'तुम्हें सभी पापों से मुक्ति दिलाता हुआ, पवित्रा मोक्ष की प्राप्ति कराऊंगा।

शनि के बारे में भी कृष्ण भगवान के कहे गए मन्तव्य को ही दोहराया जाता है और एक मात्रा शनि से ही शांति का सूत्रापात होता है क्योंकि शनिदेव को ही इस संसार का एकमात्रा नियन्ता कहा गया है। तभी तो कहा गया है-

'शनि राखै संसार में, हर प्राणी की खैर। न काहू से दोस्ती, न काहू से बैर।।'

शनिदेव द्वारा प्रताड़ित होने का कारण मूलतः भोक्ता के अपने कर्म हैं। कर्म तो हमारे ऋषि, महर्षि महान योगी तपस्वी ने जो भी किए, उनमें कर्म ने काम के वशीभूत हो पतन को पाया लेकिन प्रायश्चित कर पुनः अपनी कीर्ति को अमर बनाया।

वस्तुतः यह कलियुग है और कलियुग मल से पूर्ण होता है। महर्षि भृगु ने भी इसे वायु से सम्मिलित कहा है और यही वायु जब कलियुग भक्त, विरक्त, संन्यासी, बुद्धिजीवी के मस्तक को छूती है तो उनकी बुद्धि मलिन हो जाती है। वे श्रेय साधन से गिर जाते हैं। सिर्फ वे ही ईश्वर कृपा पात्रा होते हैं जो भक्तगण काल ग्रास नहीं बनते।

इस रूप में इसके लिखने का यह कारण है कि जब समस्त देवाधि देवों तक को कामदेव ने नहीं छोड़ा तो इस कलियुगी संसार का कहना ही क्या जिसमें सारा संसार ऊपर से कुछ नजर आता है और होता कुछ है। यही प्रकृति व्यक्तिवादी भावना के कारण है जो समष्टिवाद को दबा रही है।

वस्तुतः यह याद रखने लायक बात है कि शनि ही एकमात्रा देव हैं जो इस कलयुग में तपस्या को पूर्ण करने वाले महात्मा हैं और इसमें यदि जरा सी भी चूक की जाती है और श्रेय साधना से पतन को प्राप्त हो प्रेय की ओर मुड़ जाता है और इसके प्रायश्चित स्वरूप जन्म पर जन्म लेने पड़ते हैं और परमात्मा के दिव्य रस का पान नहीं हो पाता।

वस्तुतः मुख्य कथन यही है कि चाहे आप महात्मा हों या सच्चे मित्रा, व्यवसायी हों या राजनेता, स्त्राी हों या अन्य लेकिन एक बात तो आपको अवश्य माननी होगी जो साफ तौर पर सामाजिकों के अपने-अपने कर्तव्य को करने की ओर इंगित करती है और इनके अनुकूलन प्रतिकूल आचरण करने वालों पर शनि का भी वही प्रभाव पड़ता है। वैसे शनि के बारे में किसी ने कहा है -'शनि स्वभाव अति स्वच्छ है ज्यों गंगा को नीर, करके जीवों पर दया हरते सबकी पीर।।' इसी को आगे बताया है-

'शनि यदि प्रसन्न हो तो सत्ता दिला दे।
गर हों ये अप्रसन्न तो धूल में मिला दे।।
कर शनि को प्रसन्न, धन यश तू कमा ले।
शनि जप यज्ञ करके, कुकर्म मिटा ले।।'

अतः व्यक्ति को चाहिए कि वह शानिदेव को ही सब कुछ मानकर, विश्व का नियन्ता समझ, समाज के अनुकूल आचरण करे। तभी वह वास्तव में सुखी हो सकता है। (उर्वशी)

## न्यूज इन ब्रीफ

### ब्रिटेन का लड़ाकू विमान मंगलवार को वापसी की उड़ान भरेगा

**तिरुवनंतपुरम :** ब्रिटेन की 'रॉयल नेवी' का एफ-35बी लाइटनिंग लड़ाकू विमान मंगलवार को वापस स्वदेश के लिए उड़ान भरने के वास्ते पूरी तरह तैयार है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उक्त लड़ाकू विमान आपातकालीन स्थितियों में यहां उतरा था और यह तब से यहीं खड़ा है। हवाईअड्डे के सूत्रों के अनुसार, ब्रिटेन के सबसे उन्नत 'स्टील्थ' बेड़े के इस लड़ाकू विमान की पूरी तरह से मरम्मत कर दी गई है। एक सूत्र ने बताया, ''इसे अभी 'हैंगर' से बाहर लाया जा रहा है...लड़ाकू विमान मंगलवार को वापस उड़ान भरेगा।''

### केंद्र ने 'उदयपुर फाइल्स' में छह दृश्यों को हटाने का सुझाव दिया, न्यायालय ने रिलीज पर रोक जारी रखी

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि उसने फिल्म 'उदयपुर फाइल्स- कन्हैया लाल टेलर मर्डर' में छह दृश्यों को हटाने का सुझाव दिया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ से कहा, ''मेरी व्यक्तिगत राय में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा सुझाई गई बातों के अलावा कोई भी आगे की कार्रवाई अनुच्छेद 19 का उल्लंघन होगी। मैंने आदेश पढ़ लिया है।'' शीर्ष अदालत ने मेहता से आदेश को रिकॉर्ड पर रखने को कहा। फिल्म निर्माताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटी ने कहा कि केंद्र अपने पुनरीक्षण अधिकार क्षेत्र का प्रयोग कर रहा है और उसने फिल्म के दृश्यों में छह 'कट' लगाने की सिफारिश की है।

### देश भर में 3.46 करोड़ स्मार्ट बिजली मीटर लगाए गए : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि विभिन्न योजनाओं के तहत देश भर में बिजली के 3.46 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत कुल 2.27 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। विद्युत राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने एक सवाल के लिखित जवाब में कहा, ''पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) का व्यय 3,03,758 करोड़ रुपये है, जिसमें भारत सरकार से 97,631 करोड़ रुपये का सकल बजटीय समर्थन शामिल है। जून 2025 तक, आरडीएसएस के तहत कुल 20.33 करोड़ स्मार्ट मीटर स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 2.27 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।''

### भाजपा सांसद सैकिया ने जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग उठाई

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद दिलीप सैकिया ने देश में सख्त जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की वकालत करते हुए सोमवार को कहा कि भारत की आबादी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही है जो देश के लिए सबसे बड़ी समस्या है। सैकिया ने लोकसभा में नियम 377 के तहत इस विषय को रखा। उन्होंने 'एक्स' पर भी इसकी जानकारी दी और दावा किया कि उनका गृह राज्य असम भी जनसांख्यिकीय असंतुलन से जूझ रहा है। सैकिया ने लिखा, ''भारत में गंभीर रूप से जनसांख्यिकीय बदलाव हो रहा है जहां हिंदू आबादी कम हो रही है और मुस्लिम आबादी बढ़ रही है जिससे सामाजिक समरसता खतरे में है।''

### परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामला: रेलवे के आठ पूर्व अधिकारियों को 23 साल बाद पांच साल की कैद

**अहमदाबाद :** परिवीक्षाधीन सहायक स्टेशन मास्टर के पद के लिए परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में आठ रेलवे अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज होने के 23 साल बाद विशेष सीबीआई अदालत ने सोमवार को उन्हें पांच साल कैद की सजा सुनाई। अदालत ने प्रत्येक पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने 17 अगस्त, 2002 को पश्चिम रेलवे, अहमदाबाद के तत्कालीन मुख्य सतर्कता निरीक्षक द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद रेलवे के तत्कालीन अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# विपक्ष के भारी हंगामे के बीच लोकसभा और राज्यसभा दिनभर के लिए स्थगित, ऑपरेशन सिंदूर पर छिड़ा महासंग्राम



**नयी दिल्ली :** संसद के मॉनसून सत्र का आगाज बेहद हंगामेदार रहा। सत्र शुरू होते ही विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए विपक्षी सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर पर सदन में चर्चा कराने की मांग की। जिस समय यह सब हो रहा था, तब प्रश्नकाल चल रहा था। लोकसभा स्पीकर ने विपक्षी सांसदों से शांत होकर बैठने के लिए कहा, लेकिन जब वे लोग नहीं माने तो लोकसभा स्पीकर ने दोपहर तक के लिए सदन की कार्यवाही को स्थगित की कर दिया। लेकिन शाम चार बजे कार्यवाही शुरू होने पर हंगामा होने लगा। इसके बाद सदन की कार्यवाही को 22 जुलाई 2025 को 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इसी तरह हंगामा होने की वजह से राज्यसभा की कार्यवाही भी 22 जुलाई सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के अलावा भी ऐसे कई मद्दे हैं, जिनपर विपक्ष चर्चा कराने की मांग कर रहा है। हालांकि, सरकार ने कहा है कि वह सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है।

### नेता प्रतिपक्ष के तौर पर सदन में बोलने का अधिकार, पर अनुमति नहीं मिलती: राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता के रूप में उन्हें सदन में बोलने का अधिकार है, लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी जाती है, जबकि सत्तापक्ष के लोगों को मौके मिलते हैं। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र के पहले दिन वह सदन में दो शब्द बोलना चाहते थे, लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं मिली, जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा सत्तापक्ष के दूसरे लोगों को बोलने का मौका दिया गया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक स्थगित होने के बाद संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''सदन में रक्षा मंत्री को बोलने दिया जाता है, उनके (सत्तापक्ष के) लोगों को बोलने दिया जाता है। विपक्ष के लोगों को बोलने की अनुमति नहीं मिलती है। मैं नेता प्रतिपक्ष हूं, सदन में बोलना मेरा हक है। मुझे कभी बोलने नहीं दिया जाता। यह एक नया रवैया है।''

### बिहार मतदान केंद्रों पर 1,200 से कम मतदाता वाला पहला राज्य : निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि बिहार देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जहां सभी मतदान केंद्रों पर 1,200 से कम मतदाता हैं। आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारों को छोटा करने के लिए हाल ही में एक कवायद की है। इसके तहत, हर मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1,500 से घटाकर अधिकतम 1,200 करने की व्यवस्था है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि मतदाताओं की लंबी कतारों से बचने के लिए बिहार में 12,817 नये मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उसने बताया कि राज्य में मतदान केंद्रों की कुल संख्या 77,895 से बढ़कर 90,712 हो गई है। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या कम करने के लिए इसी तरह की कवायद (जिसे निर्वाचन आयोग की शब्दावली में युक्तिकरण कहा जाता है) सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में की जाएगी।

## पालघर में महिला ने प्रेमी की मदद से पति की हत्या की, शव को घर में टाइलों के नीचे दफनाया



**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक महिला ने अपने प्रेमी की मदद से कथित तौर पर अपने पति की हत्या कर दी और शव को घर में टाइलों के नीचे दफना दिया। पुलिस ने सोमवार को कहा कि सड़ी-गली लाश दो सप्ताह पुरानी लगती है जिसे आज बाहर निकाला गया तथा मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मीरा-भयंदर-वसई-विरार पुलिस ने चमन देवी (28) और उसके प्रेमी एवं पड़ोसी मोनू शर्मा (20) की तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान विजय चौहान (34) के रूप में हुई है जो मुंबई के सुदूर उपनगर नाल-सोपारा के गंगनीपाड़ा इलाके में एक हाउसिंग सोसाइटी में रहता था। पुलिस ने बताया कि रविवार रात चौहान का भाई उसे ढूंढ़ता हुआ आया और उसे घर पर न पाकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अधिकारियों के अनुसार, सोमवार सुबह पुलिस की एक टीम घर पहुंची और वहां दुर्गंध महसूस की। बाद में, पुलिस ने फॉरेंसिक विशेषज्ञों और स्थानीय तहसीलदार की मौजूदगी में चौहान के शव को बाहर निकाला, जिसे घर में दफनाकर ऊपर टाइल लगा दी गई थीं।

## वस्तुओं एवं विक्रेताओं के विवरण को जानने संबंधी अर्जी पर केंद्र एवं राज्यों को शीर्ष अदालत का नोटिस

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र और राज्यों से उस याचिका पर जवाब मांगा जिसमें यह घोषित करने की अपील की गई है कि उपभोक्ताओं को वितरकों और विक्रेताओं के विवरण के अलावा उत्पादों के बारे में 'जानने का अधिकार' है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर की गयी याचिका में कहा गया है कि उपभोक्ताओं के लिए सुविचारित विकल्प चुनने तथा अनुचित या प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथाओं और अनुचित शोषण से खुद को बचाने के लिए 'जानने का अधिकार' महत्वपूर्ण है। याचिका में संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि प्रत्येक वितरक, व्यापारी और दुकानदार प्रवेश द्वार पर नाम, पता, फोन नंबर और कर्मचारियों की संख्या समेत पंजीकरण का विवरण मोटे अक्षरों में प्रदर्शित करें ताकि लोगों को स्पष्ट नजर आये। याचिका में कहा गया है, ''जानने का अधिकार उपभोक्ताओं को धोखेबाज या भ्रामक वितरक, डीलर, व्यापारी, विक्रेता और दुकान मालिक का शिकार होने से बचाता है, जो उत्पाद/सेवा के बारे में गलत जानकारी दे सकते हैं या खरीद-बिक्री और धन के लेन-देन के बाद गायब हो सकते हैं।''

## असम में लगभग 10 लाख एकड़ भूमि पर 'अवैध बांग्लादेशियों और संदिग्ध नागरिकों' का कब्जा: हिमंत



**गोरुखुटी (असम) :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को दावा किया कि लगभग 10 लाख एकड़ भूमि पर अवैध बांग्लादेशियों और संदिग्ध नागरिकों का अतिक्रमण है। शर्मा ने यह भी कहा कि 2021 में सत्ता संभालने के तुरंत बाद द रांग जिले के गोरुखुटी में बेदखली अभियान चलाने पर उसे रोकने के लिए उनकी सरकार पर अंतरराष्ट्रीय दबाव आया, लेकिन लोगों को रोका नहीं गया। मुख्यमंत्री यहां गोरुखुटी बहुउद्देशीय कृषि परियोजना की स्थापना के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह परियोजना 2021 में कथित अतिक्रमणकारियों से 77,420 बीघा (25,500 एकड़) भूमि खाली कराने के लिए बड़े पैमाने पर बेदखली अभियान चलाए जाने के बाद स्थापित की गई थी। अतिक्रमणकर्ताओं में ज्यादातर बंगाली भाषी मुसलमान थे। बेदखली अभियान में पुलिस की गोलीबारी में 12 वर्षीय एक लड़के समेत दो लोगों की मौत हो गयी थी। शर्मा ने कहा, ''यहां के सफल बेदखली अभियान ने हमें प्रोत्साहित किया और हमने राज्य के विभिन्न हिस्सों में ऐसे अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाए और चार वर्षों में 1.29 लाख बीघा (लगभग 43,000 एकड़) जमीन को मुक्त कराया। इस जमीन को वनीकरण के लिए फिर से हासिल किया गया है।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमने अतिक्रमणकारियों, संदिग्ध बांग्लादेशियों से जमीन का एक-एक इंच हिस्सा खाली कराने का संकल्प लिया है... 29 लाख बीघा (10 लाख एकड़) जमीन पर अब भी अवैध बांग्लादेशियों और संदिग्ध नागरिकों का अतिक्रमण है।''

### सीबीएसई ने स्कूलों को वास्तविक समय में रिकॉर्डिंग वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने संबद्धता मानदंडों में संशोधन करते हुए स्कूलों में शौचालयों को छोड़कर अन्य सभी स्थानों पर वास्तविक समय की ऑडियो-विजुअल रिकॉर्डिंग वाले सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा, छात्रों की सुरक्षा स्कूल की सर्वोच्च जिम्मेदारियों में से एक है और यह सुनिश्चित करना है कि छात्रों को स्कूल में एक सुरक्षित और सुसंगत माहौल मिले। सुरक्षा के दो पहलू हैं- (क) असामाजिक तत्वों से सुरक्षा (ख) डराने/धमकाने और अन्य अंतर्निहित खतरों के संदर्भ में बच्चों की समग्र भलाई के लिए सुरक्षा।

### आंध्र शराब घोटाला : पुलिस का दावा, टीआईएल ने 218 करोड़ रुपये की रिश्वत दी

**अमरावती :** आंध्र प्रदेश में पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान हुए 3,500 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले की पुलिस जांच से पता चला है कि लोकप्रिय शराब निर्माता 'तिलकनगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड (टीआईएल)' ने सरकारी शराब निगम से आपूर्ति ऑर्डर हासिल करने के लिए कथित तौर पर 218 करोड़ रुपये की रिश्वत दी। इस कथित शराब घोटाले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शनिवार को विजयवाड़ा की एक अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। हालांकि, अदालत ने फिलहाल आरोपपत्र पर संज्ञान नहीं लिया है। वैसे, आरोपपत्र में टीआईएल को आरोपी के रूप में नामजद नहीं किया गया है। अधिकारियों ने जांच के हवाले से बताया, ''तिलकनगर इंडस्ट्रीज ने एपीएसबीसीएल (आंध्र प्रदेश राज्य पेय पदार्थ निगम लिमिटेड) से लगभग 1,472 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। एक अंदाजा लगाया गया है कि 218 करोड़ रुपये की रिश्वत दी गई और भेजी गई मात्रा और कीमत के आधार पर एपीएसबीसीएल के माध्यम से सिंडिकेट को भुगतान किया गया।'' इस संबंध में टीआईएल के एक वरिष्ठ अधिकारी को प्रतिक्रिया जानने के लिए भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं आया है।

### हैदराबाद: ईडी ने ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े पीएमएलए मामले में चार अभिनेताओं को तलब किया

**हैदराबाद :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए अभिनेता राणा दग्गुबाती, प्रकाश राज, विजय देवरकोंडा, लक्ष्मी मांचू को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों का कहना है कि प्रवर्तन निदेशालय ने दग्गुबाती (40) को 23 जुलाई को यहां अपने क्षेत्रीय कार्यालय में पेश होने के लिए कहा है। सूत्रों ने बताया कि प्रकाश राज (60) को 30 जुलाई को, देवरकोंडा (36) को छह अगस्त को और लक्ष्मी (47) को 13 अगस्त को तलब किया गया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कथित तौर पर ''अवैध'' पैसा बनाने में जुटे ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप का प्रचार किया था।

## न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए प्रक्रिया शुरू, लोकसभा और राज्यसभा में दिए गए नोटिस

**नयी दिल्ली :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को पद से हटाने के लिए प्रक्रिया सोमवार को उस वक्त शुरू हो गई जब इससे संबंधित नोटिस सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में दिए गए। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपे गए नोटिस पर 63 विपक्षी सदस्यों के हस्ताक्षर थे, जबकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपे गए नोटिस में सत्ता पक्ष और विपक्ष के 152 सदस्यों ने इस कदम का समर्थन किया था। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने सदन को बताया कि न्यायाधीश यशवंत वर्मा को पद से हटाने के लिए उन्हें एक नोटिस प्राप्त हुआ है और उन्होंने इस दिशा में आवश्यक प्रक्रिया शुरू करने के लिए महासचिव को निर्देश दिए हैं। धनखड़ ने कहा कि यह नोटिस संविधान के अनुच्छेद 217 (1)(बी), अनुच्छेद 218, और अनुच्छेद 124 (4) के साथ-साथ न्यायाधीश जांच अधिनियम, 1968 की धारा 31(बी) के तहत प्राप्त हुआ है, जिसमें न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए जांच समिति गठित करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा, ''यह प्रस्ताव आज मुझे प्राप्त हुआ है। इस पर राज्यसभा के 50 से अधिक सदस्यों के हस्ताक्षर हैं, जो उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए आवश्यक संख्या है।''

## सावरकर, सहजानंद सरस्वती और मानेक शॉ को भारत रत्न देने की राज्यसभा में उठी मांग



**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में सोमवार को मानसून सत्र के पहले दिन एक भाजपा सदस्य ने प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी वीडी सावरकर, विख्यात समाज सुधारक स्वामी सहजानंद सरस्वती और फील्ड मार्शल मानेक शॉ को भारत रत्न देने की मांग की। भारतीय जनता पार्टी के भीम सिंह ने विशेष उल्लेख के जरिये यह मांग उठायी। उन्होंने कहा कि इन तीनों विभूतियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में राष्ट्र को एक नयी दिशा दी और गौरव दिलवाया। उन्होंने कहा, ''वीर सावरकर वो विभूति हैं जिन्हें दो आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी थी।'' उन्होंने कहा कि सावरकर केवल एक क्रांतिकारी ही नहीं एक विचारक, लेखक और भविष्यदृष्टा भी थे जिनसे भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी भी प्रभावित हुए। सिंह ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती एक ऐसे संन्यासी थे जिन्होंने हिमालय की गुफाओं में नहीं बल्कि गांवों के खेतों में, किसानों के आंसुओं में और शोषित की पीड़ा में ईश्वर को देखा। उन्होंने किसानों को संगठित किया और जमीदारी उन्मूलन आंदोलन को दिशा दी तथा जय किसान के नारे को आगे बढ़ाते हुए एक मिशन बनाया।

### मुंबई हवाई अड्डे पर उतरते समय एअर इंडिया का विमान फिसल कर रनवे के बाहर निकला

**मुंबई :** कोच्चि से आया एअर इंडिया का एक विमान शहर के हवाई अड्डे पर भारी बारिश के बीच उतरते समय फिसल गया और रनवे से बाहर निकल गया जिसके बाद सोमवार सुबह एक रनवे पर परिचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। मुंबई हवाई अड्डे ने एक बयान में कहा, हवाई अड्डे के प्राथमिक रनवे - 09/27 को मामूली क्षति की सूचना मिली है। परिचालन की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए, द्वितीयक रनवे 14/32 को सक्रिय कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, इस घटना के कारण विमान के तीन टायर फट गए और इंजन को भी नुकसान पहुंचा। सूत्र ने बताया, कीचड़ में धंसने के बाद इंजन में ढेर सारी मिट्टी चली गई। एअर इंडिया के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि कोच्चि से मुंबई आई उड़ान संख्या एआई2744 के हवाई अड्डे पर उतरते समय भारी बारिश हुई, जिसके कारण विमान हवाई अड्डे पर उतरने के बाद रनवे के बाहर निकल गया। उन्होंने एक बयान में कहा कि विमान सुरक्षित रूप से गेट तक पहुंच गया और सभी यात्री एवं चालक दल के सदस्य उससे उतर गए। उनके मुताबिक, विमान को जांच के लिए रोक लिया गया है।

## मणिपुर के जिरीबाम में 76 करोड़ रुपये की कीमत के मादक पदार्थ जब्त



**इंफाल :** असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ संयुक्त अभियान के दौरान जिरीबाम जिले से 76 करोड़ रुपये कीमत के मादक पदार्थ बरामद किए हैं। अर्धसैनिक बल ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि एक खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने रविवार को जिले में साबुन के 616 डिब्बों में छिपाकर रखी गई हेरोइन और प्रतिबंधित 'मेथामफेटामाइन' की 50,000 गोलियां जब्त कीं। बयान में कहा गया है, मादक पदार्थों को जिरीबाम जिले में बराक नदी पर एक नाव द्वारा ले जाया जा रहा था।

## विवाह के समय दी जाने वाली हर चीज स्त्रीधन नहीं : अदालत



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने कहा है कि विवाह के समय दी गई हर वस्तु को स्त्रीधन नहीं कहा जा सकता। अदालत ने साथ ही एक कार समेत अन्य वस्तुएं वापस मांगने वाली महिला की याचिका खारिज कर दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनिका घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम के तहत महिला द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थीं। स्त्रीधन चल या अचल संपत्ति होती है, जो किसी महिला को उसके जीवनकाल में, विवाह से पहले, विवाह के समय या बच्चे के जन्म के समय प्राप्त होती है। बारह जुलाई को दिए आदेश में अदालत ने कहा, ''वर्तमान याचिका के साथ संलग्न दस्तावेजों सहित रिकार्ड के अवलोकन के बाद, इस स्तर पर यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि वर्तमान याचिका के साथ संलग्न दहेज सामग्री की सूची में उल्लिखित कार सहित सभी वस्तुएं याचिकाकर्ता को स्त्रीधन सामग्री के रूप में दी गई थीं।' अदालत ने कहा कि स्वामित्व साबित करने के लिए कोई प्रथम दृष्टया सबूत, जैसे बिल, तस्वीरें या गवाहों के हलफनामे, उपलब्ध नहीं हैं। आदेश में कहा गया, इसके अलावा, विवाह के समय दी गई प्रत्येक वस्तु को याचिकाकर्ता का स्त्रीधन नहीं कहा जा सकता, क्योंकि कुछ वस्तुएं उपहार की श्रेणी में आती हैं।'' अदालत ने कहा कि जब मामले में मुकदमा अभी शुरू होना बाकी है, तो स्त्रीधन की वस्तुओं को वापस करने का आदेश एक असत्यापित सूची के आधार पर पारित नहीं किया जा सकता, खासकर स्वामित्व को लेकर लंबित विवाद के दौरान।

### केरल के पूर्व मुख्यमंत्री अच्युतानंदन का निधन, 101 की उम्र में ली अंतिम सांस



**तिरुवनंतपुरम :** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता वी. एस. अच्युतानंदन का निधन हो गया है। उनकी उम्र 101 वर्ष थी। माकपा के राज्य सचिव एम. वी. गोविंदन ने यह जानकारी दी। गोविंदन ने पत्रकारों को बताया कि अच्युतानंदन का निधन यहां एक निजी अस्पताल में हुआ, जहां वह करीब एक महीने पहले दिल का दौरा पड़ने के बाद से उपचार करा रहे थे। अच्युतानंदन माकपा के संस्थापक सदस्यों में से थे और जीवनभर मजदूरों के अधिकारों, भूमि सुधार और सामाजिक न्याय की वकालत करते रहे। उन्होंने 2006 से 2011 तक केरल के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा दी और सात बार राज्य विधानसभा के लिए चुने गए। वह तीन बार विपक्ष के नेता भी रहे।

# मानसून की तबाही : जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन से चार लोगों की मौत, स्कूल बंद



**नयी दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सोमवार को भूस्खलन और मूसलाधार बारिश ने कहर बरपाया, जिससे पांच साल के एक बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर के पुराने मार्ग पर भारी भूस्खलन हुआ, जिससे 70 साल के एक तीर्थयात्री की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कटरा शहर में तेज बारिश से भूस्खलन हुआ, जिसकी वजह से एक 'बुकिंग' कार्यालय और उसके ऊपर बना लोहे का ढांचा ढह गया। मौसम विभाग के अनुसार, कटरा शहर में सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटों में 184.2 मिमी बारिश हुई है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ ज़िले में रात भर हुई भारी बारिश के कारण भूस्खलन होने से एक सरकारी स्कूल इसकी चपेट में आ गया जिससे एक छात्र की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। केंद्रशासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया है। रविवार रात को हिमकोटि के पास नए रास्ते पर भी भूस्खलन हुआ था, जिसके कारण मार्ग अवरुद्ध हो गया था जिसे साफ करने के प्रयास जारी हैं। जम्मू में भूस्खलन की चपेट में आने से एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में भारी बारिश के कारण सोमवार तड़के सुतांह गांव में एक मकान के ऊपर एक चट्टान गिर गई, जिससे नवविवाहित दंपति की मौत हो गई। उनकी पहचान सनी और पल्लू के रूप में की गई है।

### समाजवादी पार्टी ने 115 रुपये में कार्यालय की जगह कब्जाने के लिए सत्ता का दुरुपयोग किया: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में मात्र 115 रुपये में कार्यालय की जगह 'धोखाधड़ी से कब्जाने' के लिए सोमवार को समाजवादी पार्टी को फटकार लगाई और इसे 'राजनीतिक शक्ति का स्पष्ट दुरुपयोग' बताया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राजनीतिक दल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे से कहा कि यह धोखाधड़ी से आवंटन का मामला नहीं है, बल्कि 'बाहुबल और सत्ता का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी से कब्जा' किए जाने का मामला है। शीर्ष अदालत पीलीभीत नगरपालिका परिषद के बेदखली आदेश के खिलाफ यहां पार्टी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। दवे ने तर्क दिया कि कार्यालय के लिए किराया देने के बावजूद, नगर निगम के अधिकारी उनके मुवक्किल को बेदखल करने पर अड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि बेदखली आदेश पर रोक लगाने की मांग करते हुए एक मुकदमा दायर किया गया है।

### उत्तराखंड: सड़क दुर्घटनाओं में दो कांवड़ियों समेत तीन लोगों की मौत

**देहरादून :** उत्तराखंड में सोमवार को अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो कांवड़ियों समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) से मिली जानकारी के अनुसार, देहरादून जिले के डोईवाला क्षेत्र में भानियावाला फलाईओवर के निकट एक मोटरसाइकिल के पलट जाने से दो कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गयी और तीन अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, मोटरसाइकिल पर पांच कांवड़िये सवार थे, जिस वजह से बाइक अनियंत्रित हो गयी और सड़क पर पलट गयी। उन्होंने बताया कि तीन अन्य घायलों को तत्काल डोईवाला के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां दो की हालत गंभीर बनी हुई है। परिचालन केंद्र के अनुसार, चमोली जिले में हुई एक अन्य दुर्घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, मोटरसाइकिल सवार युवक ज्योतिर्मठ से बदरीनाथ की ओर रहे थे कि तभी यह हादसा हो गया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के मेरठ के रहने वाले विक्रांत (25) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, घायल नवीन (21) को इलाज के लिए ज्योतिर्मठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

# सिराज 'वर्कलोड मैनेजमेंट' की बातें छोडकर सभी पांच टेस्ट खेलना चाहते हैं

- नीतीश कुमार रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर, अर्शदीप चौथे टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं
- सिराज ने बुमराह के खेलने की पुष्टि की



**मैनचेस्टर :** इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में सबसे ज्यादा गेंदबाजी करने वाले मोहम्मद सिराज को 'वर्कलोड मैनेजमेंट (चोट और थकान से बचने के लिए अधिक गेंदबाजी से सामंजस्य बिठाना)' की ज्यादा चिंता नहीं है और वह इस दौरे के पांचों टेस्ट मैच को खेलना चाहते हैं। सिराज भारत के इकलौते तेज गेंदबाज हैं जिन्होंने इस श्रृंखला के तीनों मैच खेले हैं। इस 31 साल के गेंदबाज ने अब तक 109 ओवर डाले हैं। श्रृंखला के दूसरे टेस्ट से विश्राम करने वाले जसप्रीत बुमराह ने 86.4 ओवर फेंके हैं जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने दो मैचों में 62 ओवर और आकाशदीप ने दो मैचों में 72.1 ओवर की गेंदबाजी की है। श्रृंखला में अब तक 13 विकेट चटकाने वाले सिराज ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'अल्लाह का शुक्र है कि मैं फिट और स्वस्थ हूं। हां, विज्ञान के अनुसार 'वर्कलोड' पर विचार करना होगा और सिराज ने कितने ओवर फेंके, इसका उल्लेख वहां किया जाएगा।'

# निर्णायक मुकाबले में इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा भारत को

**चेस्टर ली स्ट्रीट (ब्रिटेन) :** भारतीय टीम को लॉर्ड्स की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने गलत शॉट चयन के कारण दूसरे मैच में हार झेलनी पड़ी थी और अब यहां मंगलवार को होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसे इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। भारत ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से पहला मैच चार विकेट से जीता था, लेकिन शनिवार को लंदन में खेले गए बारिश से प्रभावित दूसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा, जिससे तीन मैचों की श्रृंखला अंतिम वनडे से पहले 1-1 से बराबरी पर है। यह श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्व कप दो महीने बाद शुरू होने



वाला है। वनडे का यह प्रतिष्ठित महिला टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा, जिसकी मेज़बानी श्रीलंका और भारत के पांच शहर करेंगे। भारत की ऑलराउंड ताकत तथा कुछ खिलाड़ियों की अच्छी फॉर्म के कारण उम्मीद की जा रही थी कि वह दूसरे मैच में ही श्रृंखला अपने नाम कर देगा लेकिन खराब शॉट चयन और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में असमर्थता ने उसकी योजनाओं पर पानी फेर दिया और 29 ओवर के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए वह आठ विकेट पर 143 रन ही बना सका। भारतीय गेंदबाज भी असफल रहे और इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने काफी ओवर शेष रहते आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अब निर्णायक मुकाबले से पहले भारतीय टीम को कुछ विभागों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर विचार विमर्श करना होगा।

## आईसीसी ने दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली पर विचार विमर्श के लिए कार्य समिति गठित की



**लंदन :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टेस्ट क्रिकेट में दो स्तरीय प्रणाली शुरू करने की संभावना तलाशने के लिए अपने नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति का गठन आईसीसी की सिंगापुर में हुई वार्षिक आम बैठक के दौरान अध्यक्ष जय शाह और गुप्ता के नेतृत्व में किया गया था। गुप्ता को इस महीने की शुरुआत में सीईओ नियुक्त किया गया था। 'द गार्डियन' की एक रिपोर्ट के अनुसार, पैनल के अन्य सदस्यों में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'कोई भी बदलाव विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र के लिए किया जाएगा, जो 2027 से 2029 तक चलेगा। इसमें मौजूदा नौ टीम के प्रारूप के बजाय छह-छह के दो डिवीजन का प्रस्ताव है।' समिति को इस साल के आखिर तक आईसीसी को अपनी सिफारिशें पेश करनी होगी। गोल्ड और ग्रीनबर्ग के समिति में शामिल होने का मतलब है कि नई दो-स्तरीय प्रणाली लागू होने की पूरी संभावना है, क्योंकि सीए और ईसीबी इसके प्रमुख समर्थक रहे हैं। इस बीच सिडनी मार्निंग हेराल्ड के अनुसार क्लब स्तर की अंतरराष्ट्रीय टी20 प्रतियोगिता चैंपियंस लीग अगले साल से फिर से शुरू हो सकती है। आईसीसी इस प्रतियोगिता को फिर से शुरू करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। इसको लेकर चर्चा जारी है जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। चैंपियंस लीग को इससे पहले आखिरी बार 2014 में भारत में आयोजित किया गया था, जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स ने बेंगलुरु में हुए फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था।

## छह भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को विश्व विश्वविद्यालय खेलों से प्रतिबंधित किया गया

**नयी दिल्ली :** जर्मनी के राइन-रूहर में चल रहे विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में मिश्रित टीम कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय बैडमिंटन टीम चयन को लेकर विवादों में घिर गई है क्योंकि चुने गए 12 खिलाड़ियों में से छह को कथित प्रशासनिक चूक के कारण भाग लेने से रोक दिया गया है। प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया था लेकिन केवल छह को ही प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गई क्योंकि अधिकारी 16 जुलाई को प्रबंधकों की बैठक के दौरान सभी नामों को सही ढंग से प्रस्तुत करने में विफल रहे। बाहर की गई एक खिलाड़ी अलीशा खान ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'यह केवल कुप्रबंधन नहीं है-



यह करियर को नुकसान पहुंचाने वाला है। हम जवाब, जवाबदेही और हमारी आवाज सुनी जाने की मांग करते हैं। हमने कोई मैच नहीं गंवाया - हमने भाग लेने का अपना अधिकार ही खो दिया।' उन्होंने लिखा, 'यह केवल एक गलती नहीं है। यह एआईयू और हमारी टीम के अधिकारियों द्वारा करियर को नुकसान पहुंचाने वाला है। हम न्याय की मांग करते हैं।' सूत्रों के अनुसार बीवी राव और अजीत मोहन भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के अधिकारी थे जो बैठक में शामिल हुए थे। देश में विश्वविद्यालय स्तर के खेलों के लिए नोडल संस्था एआईयू ने इस घटना को स्वीकार किया है। एआईयू सचिव डॉ. पंकज मित्तल ने आगे कोई टिप्पणी करने से इनकार करते हुए पीटीआई को बताया, 'हमें इसकी जानकारी दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।'

### उच्चतम न्यायालय ने बीसीसीआई और रिजु रवींद्रन की याचिका खारिज की

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और बायजू के सह-संस्थापक रिजू रवींद्रन की अपीलों को खारिज करने के आदेश को बरकरार रखा, जिसमें उन्होंने कंपनी के खिलाफ दिवालियेपन की कार्रवाई वापस लेने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने बीसीसीआई और रवींद्रन द्वारा राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के 17 अप्रैल के फैसले को चुनौती देने वाली अपीलों को खारिज कर दिया। बीसीसीआई और रवींद्रन ने पहले राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण की बेंगलुरु पीठ के एक आदेश को चुनौती दी थी, जिसने 10 फरवरी को अपने निपटान प्रस्ताव को नए ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) के समक्ष रखने का निर्देश दिया था, जिसमें अमेरिका स्थित उधारदाताओं के लिए ट्रस्टी ग्लास ट्रस्ट भी एक सदस्य है जिसके पास बायजू का 1.2 अरब डॉलर बकाया है।

### भारत अक्टूबर-नवंबर में शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा

**नयी दिल्ली :** भारत इस साल 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा और इस प्रतियोगिता के लिए मेजबान शहर की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। विश्व में शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इस टूर्नामेंट में 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित खिताब और 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के क्वालीफिकेशन स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत ने पिछली बार 2002 में हैदराबाद में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। तब विश्वनाथन आनंद ने खिताब जीता था। आगामी प्रतियोगिता में खिलाड़ी नॉकआउट प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां प्रत्येक राउंड में हारने वाला खिलाड़ी बाहर हो जाएगा। फिडे ने कहा, 'विश्व कप में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 2026 के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे।' मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश, विश्व कप 2023 के उपविजेता आर प्रज्ञानानंद और वर्तमान में विश्व में पांचवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी उन स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं जो इस पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## न्यूज अपडेट

### आदित्य मेहता विश्व 6-रेड स्नूकर नॉकआउट में पहुंचे

**मनामा (बहरीन) :** 'वर्ल्ड गेम्स' के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता आदित्य मेहता आयरलैंड के जे चोपड़ा को हराकर आईबीएसएफ विश्व 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण में पहुंचने वाले छठे भारतीय बन गए। मुंबई के इस 39 साल के खिलाड़ी ने ग्रुप एन के एकतरफा मुकाबले में चोपड़ा को 43-5, 40-22, 48-0, 67-0 से मात देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। कमल चावला, मनन चंद्रा, बृजेश दमानी, पारस गुप्ता और पंकज आडवाणी ने पहले ही नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली है। गत चैंपियन चावला को ग्रुप ए के अपने अंतिम मैच में चीन के चेना किएन से 3-4 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। पिछले महीने एशियाई टीम स्नूकर जीतने वाली टीम के प्रमुख सदस्य दमानी ने हालांकि स्थानीय खिलाड़ी हबीब सबा को 4-3 से हराकर ग्रुप जे में शीर्ष स्थान हासिल किया।

### भाटिया और राय शीर्ष 35 में रहे, शेफलर पहली बार बने 'द ओपन' चैंपियन

**पोर्टरश (उत्तरी आयरलैंड) :** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया 153वें 'द ओपन' गोल्फ में संयुक्त 30वें स्थान पर रहकर मेजर (गोल्फ के चार बड़े टूर्नामेंट) में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल किया। भाटिया लगातार दूसरे साल चारों मेजर खेलने में सफल रहे। इस 23 साल के खिलाड़ी ने चार बर्डी और दो बोगी की मदद से दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर चार अंडर (73-68-70-69) का रहा। भारतीय मूल के ब्रिटेन के गोल्फर आरोन राय संयुक्त 34वें स्थान पर रहे। इस साल के चारों मेजर के कट में जगह बनाने सफल रहे राय ने भी आखिरी दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर तीन अंडर 69-72-71-69) का रहा। अमेरिका के स्कॉटी शेफलर ने अंतिम राउंड में तीन अंडर 68 के साथ एक प्रभावशाली सप्ताह का समापन करते हुए 'द ओपन' जीत लिया। यह शेफलर की करियर की चौथी और इस साल की दूसरी मेजर चैंपियनशिप है।शेफलर का कुल स्कोर 17 अंडर का रहा।

### अनुष अग्रवाला ने जर्मनी में ड्रेसेज स्पर्धा जीती

**हॉफगेइसमर (जर्मनी) :** भारत के अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े फ्लोरियाना के साथ जुबिलमस्टर्नियर हॉफगेइसमर ओपन के ड्रेसेज स्पर्धा में अपनी पहली जीत दर्ज की। पेरिस ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले अग्रवाला ने 69.891 प्रतिशत अंकों के प्रभावशाली स्कोर के साथ छह खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसमें बाकी के अन्य प्रतियोगी जर्मनी के थे। पिया पियोट्रोव्स्की और कथरीना हेमर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। यह जीत इस जोड़ी के लिए 'एस' स्तर पर पहली सफलता है। अग्रवाला और सात साल की उनकी इस मादा घोड़े की यह एकसाथ सिर्फ दूसरी प्रतियोगिता थी। अग्रवाला ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'मैं फ्लोरियाना पर अविश्वसनीय रूप से गर्व महसूस कर रहा हूं। यह उसकी केवल दूसरी 'एस' प्रतियोगिता थी। उसने इसे अपनी उम्र से कहीं ज्यादा परिपक्वता से संभाला।'

### भारत क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर

**सोलो (इंडोनेशिया) :** भारत की जूनियर टीम को सोमवार को यहां बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पूर्व चैंपियन जापान से 104-110 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। रिले स्कोरिंग प्रणाली के तहत खेली जा रही इस प्रतियोगिता के बेहद करीबी मुकाबले में भारत ने पहले मैच में 11-9 से मिली हार के बाद शानदार वापसी की। भार्गव राम अरिगेला और विश्वा तेज गोब्बुरू की लड़कों की युगल जोड़ी ने भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद वेन्नाला कलागोटला और रेशिका उथयासूरियन की लड़कियों की जोड़ी ने भी जीत हासिल की। इससे भारत 33-26 से आगे हो गया। इसके बाद रेशिका ने भव्या छाबड़ा के साथ मिलकर भारत की बढ़त को 44-35 कर दिया जबकि रौनक चौहान ने भी शानदार प्रदर्शन करके टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया था। भारत ने मुकाबले के अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी, लेकिन 2023 के चैंपियन जापान ने अंतिम पांच मैच जीतकर बढ़त बना ली। इनमें से अधिकतर मैच बेहद रोमांचक रहे।



# सेबी ने फिर कहा, डब्बा कारोबार अवैध, निवेशक सतर्क रहें



**नयी दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को फिर कहा कि डब्बा कारोबार अवैध है और निवेशकों को सतर्क रहने की जरूरत है। नियामक ने अवैध कारोबारी सेवाएं देने वाली किसी भी इकाई से लेन-देन नही करने को कहा है। बाजार की भाषा में, डब्बा कारोबार से आशय अवैध और बाजार से इतर कारोबार से है। यह कारोबार मान्यता प्राप्त शेयर बाजारों और नियामकीय निगरानी के दायरे से बाहर होता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बार्ड (सेबी) ने बयान में कहा कि ऐसी गतिविधियां निवेशकों के लिए बड़ा जोखिम पैदा करती हैं और यह प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम, 1956 (एससीआरए), सेबी अधिनियम, 1992 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन है। नियामक ने कहा, 'यह बात फिर से दोहरायी जा रही है कि डब्बा कारोबार अवैध है। सेबी नियामकीय उपायों, जागरूकता और कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ मिलकर निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। निवेशकों को सतर्क रहने और अवैध कारोबारी सेवाएं देने वाली किसी भी संस्था से लेन-देन नहीं करने की सलाह दी जाती है।' सेबी का यह बयान पिछले सप्ताह एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित डब्बा कारोबार गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले एक विज्ञापन पर गंभीरता से संज्ञान लेने के बाद आया है। इस विज्ञापन के बाद, सेबी ने एनएसई के साथ मिलकर कई कदम उठाए हैं। सेबी ने समाचार पत्र को एक पत्र जारी कर ऐसे विज्ञापन के प्रकाशन पर चिंता व्यक्त की है जो गैरकानूनी कारोबारी गतिविधियों को प्रोत्साहित करता है और निवेशकों को संभावित रूप से गुमराह करता है।

# बैंक शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 443 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,000 अंक के पार

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 443 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। तिमाही वित्तीय नतीजों के बाद एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 442.61 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,200.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 516.3 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी



भी 122.30 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर 25,090.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी शुक्रवार को एक महीने के निचले स्तर 25,000 अंक से नीचे बंद हुआ था। एशियाई बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के ताजा पूंजी प्रवाह ने भी बाजारों को समर्थन दिया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) में सबसे अधिक 5.38 प्रतिशत की तेजी रही। पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद कंपनी का शेयर मजबूत हुआ। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.76 प्रतिशत चढ़ा। जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 15.9 प्रतिशत बढ़कर 13,558 करोड़ रुपये होने की सूचना के बाद बैंक का शेयर चढ़ा है।

## केंद्र की 2027 तक 51 'क्रूज सर्किट' बनाने की योजना



**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने क्रूज भारत मिशन के तहत 2027 तक 14 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में 51 नए 'क्रूज सर्किट' बनाने की योजना बनाई है। सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। 'वाइकिंग क्रूज' ने भारत के नदी (रिवर) क्रूज बाजार में वाइकिंग ब्रह्मपुत्र के साथ प्रवेश की घोषणा की है। वाइकिंग ब्रह्मपुत्र का परिचालन 2027 के अंत में शुरू होने वाला है और इसकी क्षमता 80 अतिथियों को ले जाने की है। यह भारत के नदी क्रूज पर्यटन क्षेत्र में बढ़ती रुचि और निवेश का संकेत है। बयान में कहा गया कि कोलकाता में हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया जाने वाला वाइकिंग ब्रह्मपुत्र राष्ट्रीय जलमार्ग-2 पर संचालित होगा। भारत में नदी क्रूज पर्यटन क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और नदी क्रूज यात्राओं की संख्या 2023-24 के 371 से बढ़कर 2024-25 में 443 हो गई है। इसमें कहा गया कि 19.4 प्रतिशत की यह वृद्धि भारत के अंतर्देशीय जलमार्गों में नदी क्रूज के बढ़ते आकर्षण और परिचालन दक्षता को रेखांकित करती है। बयान के मुताबिक, 2013-14 में तीन जलमार्गों पर केवल पांच जहाज का संचालन होता था और यह आंकड़ा 2024-25 में बढ़कर 13 राष्ट्रीय जलमार्गों पर 25 जहाज तक हो गया। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों पर विशेष क्रूज टर्मिनल विकसित कर रहा है, जिसमें वाराणसी, गुवाहाटी, कोलकाता, पटना, सिलघाट और विश्वनाथ घाट शामिल हैं।

## भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते पर 24 जुलाई को हस्ताक्षर, प्रधानमंत्री मोदी के साथ गोयल भी होंगे

**नयी दिल्ली :** भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 24 जुलाई को लंदन में हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी होंगे। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। दोनों देशों ने छह मई को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इस व्यापार समझौते में चमड़ा, जूते और कपड़ा जैसे श्रम-प्रधान उत्पादों के निर्यात पर कर हटाने का प्रस्ताव है। साथ ही ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों के आयात को सस्ता किया जाएगा। उम्मीद है कि इस समझौते से 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार दोगुना होकर 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार से ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। उनकी यात्रा का मकसद व्यापार, निवेश और रक्षा क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य मंत्री इस यात्रा में प्रधानमंत्री के साथ रहेंगे। मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद, इसे लागू करने से पहले ब्रिटिश संसद और भारत में केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी लेनी होगी। समझौते पर हस्ताक्षर के बाद इसे लागू होने में लगभग एक साल लगेगा। दुनिया की पांचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं ने तीन साल तक रुक-रुक कर चली बातचीत के बाद यह सौदा पूरा किया है।

## व्यापार समझौते पर अगले दौर की वार्ता के लिए अमेरिकी दल अगस्त में भारत आएगा

**नयी दिल्ली :** भारत के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अगले दौर की वार्ता के लिए अमेरिकी दल अगस्त में भारत का दौरा करेगा। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, 'अगले दौर की वार्ता के लिए अमेरिकी टीम अगस्त के उत्तरार्ध में भारत आएगी।' भारत और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन में समझौते के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूरी की थी। भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल और अमेरिका के दक्षिण एवं पश्चिम एशिया क्षेत्र के सहायक व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच ने इस वार्ता में अपने-अपने देशों के दल की अगुवाई की। दोनों देश एक अगस्त से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिशों में लगे हुए हैं। अमेरिकी प्रशासन ने भारत सहित कई देशों पर उच्च सीमा शुल्क लगाए हुए हैं जिनकी निलंबन अवधि एक अगस्त को खत्म होने वाली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस वर्ष दो अप्रैल को उच्च जवाबी शुल्कों की घोषणा की थी। इस दौरान भारत पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया गया था। हालांकि, कुछ दिन बाद ही इस शुल्क को 90 दिन के लिए यानी नौ जुलाई तक स्थगित कर दिया गया था। बाद में इसे एक अगस्त तक टाल दिया गया। प्रस्तावित व्यापार समझौते पर पांचवें दौर की वार्ता में कृषि और वाहन क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान गैर-बाजार अर्थव्यवस्थाओं और स्कोमेट (विशेष रसायन, जीव, सामग्री, उपकरण और प्रौद्योगिकी) से संबंधित मामलों पर भी चर्चा हुई। अधिकारी ने भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौता एक अगस्त से पहले संपन्न होने की संभावना पर कहा कि इस बारे में बातचीत जारी है। दरअसल, भारत ने कृषि और डेयरी उत्पादों पर शुल्क रियायतों की अमेरिकी मांग को लेकर अपना रुख कड़ा कर लिया है। भारत ने अबतक किसी भी देश के साथ व्यापार समझौते में डेयरी क्षेत्र में कोई शुल्क रियायत नहीं दी है।

## न्यूज अपडेट

### एसबीआई ने शेयर बिक्री के जरिये 25,000 करोड़ रुपये जुटाए

**नयी दिल्ली :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को कहा कि उसने कारोबार वृद्धि के लिए पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 25,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एसबीआई ने शेयर बाजार को बताया कि निदेशकों की समिति ने सोमवार को निर्गम की शर्तों के अनुसार पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) से आवेदन पत्र और धनराशि मिलने के बाद निर्गम को बंद करने की मंजूरी दी। बैठक में 817 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 30,59,97,552 इक्विटी शेयरों के आवंटन को भी मंज़ूरी दी गई। एक अन्य सूचना में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शेयर बाजार को बताया कि उसने एसबीआई के इक्विटी शेयरों में अपनी हिस्सेदारी बैंक की चुकता पूंजी के 9.21 प्रतिशत से बढ़ाकर 9.49 प्रतिशत कर दी है।

### जेन स्ट्रीट के एस्क्रो खाते में 4,843 करोड़ रुपये जमा करने के बाद सेबी ने प्रतिबंध हटाया

**नयी दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को कहा कि उसने हेराफेरी के आरोप का सामना कर रही अमेरिकी फर्म जेन स्ट्रीट को कारोबार फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी है। जेन स्ट्रीट के एस्क्रो खाते में 4,843.57 करोड़ रुपये जमा करने के बाद यह अनुमति दी गई। सेबी ने तीन जुलाई के अपने आदेश में जेन स्ट्रीट को निर्देश दिया था कि वह उक्त राशि को एस्क्रो खाते में जमा करे। इस आदेश के अनुपालन के बाद प्रतिभूति बाजार तक पहुंच पर प्रतिबंध अब लागू नहीं होगा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बयान में कहा कि जेन स्ट्रीट समूह ने सूचकांक में हेराफेरी के मामले में तीन जुलाई, 2025 को जारी अंतरिम आदेश के पैरा 62.11 के अनुसार, खंड 62.1 में दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 4,843.57 करोड़ रुपये की राशि जमा की है। सेबी ने कहा, 'अंतरिम आदेश अब लागू नहीं होगा।'

### ईपीएफओ ने मई में शुद्ध रूप से रिकॉर्ड 20.06 लाख सदस्य जोड़े

**नयी दिल्ली :** सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के साथ मई महीने में शुद्ध रूप से 20.06 लाख सदस्य जुड़े जो अबतक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इन सदस्यों में 9.42 लाख नए कर्मचारी भी शामिल हैं। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, मई, 2025 का यह आंकड़ा अप्रैल, 2025 की तुलना में 4.79 प्रतिशत और मई, 2024 के मुकाबले 2.84 प्रतिशत अधिक है। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि मई का यह आंकड़ा अप्रैल, 2018 में ईपीएफओ से जुड़ने वाले अंशधारकों की निगरानी शुरू होने के बाद से दर्ज सबसे अधिक बढ़ोतरी है।

### एलआईसी का 'बीमा सखी योजना' के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ समझौता

**नयी दिल्ली :** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने सोमवार को कहा कि उसने ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी 'बीमा सखी योजना' को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। गोवा में 8-10 जुलाई को वित्तीय समावेशन पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन 'अनुभूति' के दौरान इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एलआईसी ने बयान में कहा कि उसकी 'बीमा सखी योजना' बीमा वितरण क्षेत्र में महिलाओं की मौजूदगी को मजबूती देने के लिए बनाई गई है। इस योजना के तहत एलआईसी महिलाओं को प्रदर्शन-आधारित मानदेय देती है। उन्हें सामान्य एलआईसी एजेंट के लिए उपलब्ध सभी अन्य लाभ और विशेषाधिकार भी मिलते हैं। इस योजना के तहत बीमा सखी एजेंट को कुछ नियमों एवं शर्तों के अधीन पहले वर्ष में 7,000 रुपये, दूसरे वर्ष में 6,000 रुपये और तीसरे एजेंसी वर्ष में 5,000 रुपये का मासिक मानदेय दिया जाता है। एलआईसी ने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय के प्रमुख गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम 'दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' के लक्ष्य 'बीमा सखी योजना' के लक्ष्यों से पूरी तरह मेल खाते हैं।

वर्ष 10, पूर्णांक 3304 अंक 114, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in